

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

जयपुर, 15 मई - 21 मई, 2024

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

वैशाख, पक्ष - शुक्ल, तिथि - अष्टमी, संवत 2081 पृष्ठ : 8+4 बुधवार | वर्ष-10, अंक-12, | मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


## क्या हमें यह नहीं देखना चाहिए कि जीवन में क्या घटा और क्या बढ़ा!

सटीक




शिव दयाल मिश्रा

@jagrukjanta.net



**जीवन** निरंतर गतिशील रहता है। इसमें हर पल कुछ न कुछ घटित होता ही रहता है। मगर हम इन बातों को अनदेखा करते रहते हैं। इनमें कुछ बातें ऐसी होती हैं जिन्हें अनदेखा कर देना फायदेमंद रहता है जबकि कुछ बातें ऐसी होती हैं जिनको अनदेखा कर देने से हमें बहुत नुकसान भी हो जाता है। इसलिए जीवन में हमें समाज का और स्वयं का आंकलन जरूर करते रहना चाहिए। क्योंकि समाज से ही हमारा अस्तित्व है वरना हम मात्र एक इकाई रहकर सिमट जाएंगे। बढ़ने की बात करें तो बहुत कुछ बढ़ता ही जा रहा है। और जो बढ़ रहा है उसी के समकक्ष तुलनात्मक रूप से कुछ घटता भी जा रहा है। उदाहरण के लिए बढ़ने की बात करें तो मुख्य रूप से पैट्रोल बढ़ गया, महंगाई बढ़ गई, बेरोजगारी बढ़ गई। मगर कोई नहीं कहता कि हमारी तरख्वाहें भी बढ़ गई। जो पहले पंचर पांच रुपए में ठीक होती थी अब उसका 50 रुपया चुकाना पड़ता है। मगर हमारी आंखें एक ही पक्ष को देखती है। खैर बात करते हैं स्वयं और समाज के मूल्यांकन की। तो सबसे पहले देखते हैं हमारे कुटुम्ब को जो घट गया है। एक-दूसरे से संबंध भी कम हो गए हैं। सिर्फ जिस संबंध से फायदा होगा वही संबंध टिक पा रहा है। बाकी सब गायब। हालांकि सोने वाले खूब सोते हैं, मगर वास्तव में आदमी की नींद भी कम हो गई है। प्रेमी आपस में भाग कर विवाह रचा लेते हैं, मगर प्रेम और प्यार के अभाव में जल्दी ही अलग भी हो जाते हैं। यानि आपस में समाज में एक-दूसरे से प्रेम भी कम हुआ है। शरीर पर कपड़े भी कम हो गए हैं। प्रातः भ्रमण के लिए देखेंगे तो बड़ी-बड़ी उम्र की महिला और पुरुष छोटे-छोटे कपड़ों में नजर आएंगे। बाजार में घूमते हुए भी कम और छोटे कपड़ों में देखा जा सकता है। शर्म और लिहाज तो अपवाद को छोड़ दें तो बिल्कुल ही कम हो गई है। न पुरुष को किसी का डर न स्त्री को किसी की शर्म। जो जी में आता है वही करते हैं।


शेष पेज 5 पर...


# 13 महीने की सबसे उच्चतम स्तर पर थोक महंगाई दर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** मंगलवार को वाणिज्य मंत्रालय के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित भारत में थोक महंगाई अप्रैल में 1.26 प्रतिशत पर आ गई, जबकि मार्च में यह 0.53 प्रतिशत थी। इस प्रकार, अक्टूबर तक सात महीनों तक नकारात्मक क्षेत्र में रहने के बाद यह छठे महीने सकारात्मक क्षेत्र में रहा। अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पादों के निर्माण, अन्य विनिर्माण की कीमतों में वृद्धि के कारण थी।




### मुद्रास्फीति बढ़ने पर अर्थशास्त्री

» अर्थशास्त्री अक्सर कहते हैं कि थोक मुद्रास्फीति में थोड़ी वृद्धि अच्छी है क्योंकि यह आम तौर पर सामान निर्माताओं को अधिक उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित करती है। पिछले साल अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति नकारात्मक क्षेत्र में चली गई थी। इसी तरह, जुलाई 2020 में, COVID-19 के शुरुआती दिनों में, WPI को नकारात्मक बताया गया था।

» अक्टूबर 2022 में कुल मिलाकर थोक मुद्रास्फीति 8.39 प्रतिशत थी और तब से इसमें गिरावट आई है। विशेष रूप से, थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति सितंबर 2022 तक लगातार 18 महीनों तक दोहरे अंक में रही थी।

» सरकार मासिक आधार पर हर महीने की 14 तारीख (या अगले कार्य दिवस) को थोक मूल्यों के सूचकांक जारी करती है। सूचकांक संख्या संस्थागत स्रोतों और देश भर में चयनित विनिर्माण इकाइयों से प्राप्त आंकड़ों से संकलित की जाती है।

## पीएम मोदी ने वाराणसी सीट से दाखिल किया नामांकन



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली/ वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 मई को वाराणसी लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। वाराणसी भारतीय जनता पार्टी और पीएम मोदी का गढ़ है। उन्होंने दो बार 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में सीट जीती। कांग्रेस ने वाराणसी में पीएम मोदी के खिलाफ उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को खड़ा किया है। पीएम मोदी के नामांकन में शामिल होने के लिए काशी में दिग्गजों का जमावड़ा लगा है। विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री व सांसद-विधायक सभी नामांकन में शामिल रहे। वाराणसी की लोकसभा सीट पर मतदान 7वें चरण में होगा।

## साइबर अपराध करने वालों की तुरंत शिकायत करें लोग-गृह मंत्रालय

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन एजेन्सियों के नाम पर लोगों को धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी वारदातों को अंजाम देने वाले साइबर अपराधियों की जालसाजी से सावधान रहने और इनके बारे में जागरूकता फैलाने तथा इसकी शिकायत तत्काल साइबर अपराधी हेल्पलान पर करने की सलाह दी है।

मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर साइबर अपराधियों द्वारा पुलिस अधिकारियों, केंद्रीय जांच ब्यूरो, नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों के नाम पर धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी वारदातों को अंजाम देने के संबंध में शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। सरकार का कहना है किऐसी कॉल आने पर नागरिकों को तत्काल साइबरक्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबरक्राइमडॉटगोवडॉटइन पर सहायता के लिए इसे रिपोर्ट करना चाहिए। ये धोखेबाज आमतौर पर संभावित पीड़ित को कॉल करते हैं और कहते हैं कि पीड़ित ने कोई पार्सल भेजा है या प्राप्त किया है जिसमें अवैध सामान, ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या कोई अन्य प्रतिबंधित वस्तु है। कभी-कभी, वे यह भी सूचित करते हैं कि पीड़ित का कोई करीबी या प्रिय व्यक्ति किसी अपराध या दुर्घटना में शामिल पाया गया है और उनकी हिरासत में है। ऐसे कथित 'केस' में समझौता करने के लिए पैसे की मांग की जाती है। कुछ मामलों में, पीड़ितों को 'डिजिटल अरेस्ट' का सामना करना पड़ता है।


HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज

ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in








## जागरूक खबरें

# बाबा बर्फानी की यात्रा 29 जून से शुरू, 'भोले की फौज' की रवानगी 13 जुलाई को



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** इस वर्ष अमरनाथ (कश्मीर) स्थित बाबा बर्फानी के दरबार के लिए 29 जून से यात्रा की शुरुआत होगी। रक्षा बंधन (19 अगस्त) तक चलने वाले यात्रा के लिए 15 अप्रेल से रजिस्ट्रेशन की शुरुआत हो चुकी है। यात्रा के लिए राजधानी से भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। इस बार कई भक्त पहली बार यात्रा पर जाएंगे। उधर, पड़ताल में सामने आया कि यात्रा के लिए जयपुर से बड़ी संख्या में 20-32 वर्ष के युवाओं ने भी रजिस्ट्रेशन कराया है। साथ ही कई यात्रा शुरू होने पर जम्मू स्थित बेस कैम्प में रजिस्ट्रेशन कराने की तैयारी में है।

जयपुर के संगठन 'भोले की फौज' के हर्षित झालानी का कहना है कि मुझे 12 वर्ष हो गए हैं अमरनाथ यात्रा पर जाते हुए। वहीं संगठन के ही ओमप्रकाश जी को 25 वर्ष हो गए हैं, इसके अलावा सुरेश खण्डेलवाल संगठन के साथ 22 वर्ष से अमरनाथ यात्रा कर रहे हैं। झालानी जी का कहना है कि हर वर्ष जयपुर से सैंकड़ों श्रद्धालुओं का कारवां 'भोले की फौज' के नेतृत्व में बाबा बर्फानी के दर्शन करता हैं। विद्याधर नगर निवासी श्रद्धालु नरेट पटवा ने बताया कि मैं पहली बार अमरनाथ यात्रा पर जा रहा हूँ। पहले की यात्राओं की क्लिप्स देखकर लग रहा है कि यात्रा कठिन रहने वाली है। वहीं चेतेन्द्र मिश्रा, प्रवीण गौड का कहना है कि हम पिछले साल भी अमरनाथ यात्रा पर गये थे। इस बार भी बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है।

### पिछले वर्ष जयपुर से गए थे 7 हजार भक्त

- 60 के बजाय इस बार 52 दिन की होगी यात्रा।
- 29 जून को शुरुआत, 19 अगस्त को होगा समापन।
- गत वर्ष जयपुर से सात हजार और प्रदेशभर से करीब 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए थे दर्शन।

### असहाय तबके को भी कराएंगे यात्रा

राजधानी से आधा दर्जन से अधिक संगठन हर साल भक्तों को अमरनाथ यात्रा पर ले जाते हैं। इसके अलावा हर साल जयपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों से अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में 15 से 20 प्रतिशत तक वृद्धि हो रही है।

## प्रदेश की पहली हाईटेक सिटी

# घोषणा को जमीन का इंतजार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश की पहली हाईटेक सिटी की घोषणा जमीन की तलाश में अटक गई है। सरकार ने नगरीय विकास विभाग से 15 दिन में पूरा प्लान मांगा था, लेकिन अब तक प्लान तो दूर जमीन तक तलाशी नहीं जा सकी है। जेडीए को अब तक जयपुर में एक जगह इतनी बड़ी जमीन नहीं मिल पाई, जहां हाईटेक सिटी बनाई जा सके। अफसरों के अधूरे होमवर्क पर सरकार के आला अधिकारी नाराज हैं। सूत्रों के मुताबिक इस मामले में जल्द ही मुख्य सचिव स्तर पर बैठक होगी, जिसमें जमीन से लेकर हाईटेक सिटी के डिजाइन पर मंथन होगा।

### इसी सप्ताह होगी बैठक, बजट में हुई थी घोषणा

इसके लिए भी अफसरों को शहर के ऐसे क्षेत्र बताने होंगे, जहां सिटी बसाने की संभावना हो सकती है। इसलिए अब फागी रोड, टोंक रोड और दिल्ली रोड की दिशा में भूमि देखी जा रही है। नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत अभी लोकसभा चुनाव में ड्यूटी के कारण दूसरे राज्य में है और दो-तीन दिन में जयपुर लौटेंगे। इसी सप्ताह बैठक हो सकती है। गौरतलब है कि हाईटेक सिटी की घोषणा बजट में की गई थी।



ऐसे बनकर तैयार होगी हाईटेक ग्लोबल सिटी @ गुरुग्राम



**गिफ्ट सिटी-** अहमदाबाद 3365 हेक्टेयर में बनी है। यहां 67 प्रतिशत हिस्सा कॉमर्शियल गतिविधि के लिए, 22 प्रतिशत आवासीय और 11 प्रतिशत सामाजिक- मनोरंजन गतिविधियों के लिए आरक्षित किया गया। अभी तक करीब तीन सौ कंपनियां यहां आई हैं। रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। वॉक-टू वर्क थीम पर प्लानिंग की गई है। यहां एम्यूजमेंट पार्क, वाटर स्पोर्ट्स जैसी गतिविधि भी है।

**साइबराबाद-** हैदराबाद का साइबराबाद देश के प्रमुख आईटी केन्द्रों में से एक है। इसने हैदराबाद शहर के आर्थिक विकास में प्रमुख भूमिका निभाई है। यहां गूगल, अमेजन जैसी कई विदेशी बड़ी आईटी कंपनियां हैं।

**ग्लोबल सिटी-** गुरुग्राम में ग्लोबल सिटी बनाई जा रही है। इसका जो खाका बनाया गया है, वो विदेश के नए शहरों को टक्कर देगा। इस योजना का भी अध्ययन करने की जरूरत है।

### सरकारी जमीन न मिलने पर निजी भूमि करनी होगी अवाप्त

यदि जरूरत के अनुरूप एक साथ सरकारी जमीन नहीं मिल पाती है तो निजी भूमि अवाप्त करनी होगी। हालांकि, अफसरों का तर्क है कि भूमि अवाप्ति में समय लग सकता है। इसलिए मुआवजे के तौर पर जमीन के बदले जमीन देने की नीति के तहत भी काम किया जा सकता है, लेकिन अभी इस पर रोक लगी हुई है।

## 50 घड़े खरबूजा का किया वितरण



» **जागरूक जनता @ जयपुर।** केशव पार्क, सैक्टर 6, विधाधर नगर में मातृशक्ति ने करीब 50 घड़े खरबूजे का वितरण किया। इस मौके पर भाभी जानकी जी वैवाहिक वर्षगांठ पर गीत गाकर आईसक्रीम का भी लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में मातृशक्ति की ओर से बीना, मधु, माया, जानकी, चेतना,विजयलक्ष्मी, कांता, पूनम, गीता, मनीषा उपस्थित थी।

## 22 मई 2024 को आयोजित की जाएगी खाद्य सुरक्षा अधिकारी परीक्षा-2022

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग) परीक्षा-2022 के तहत 9 मई 2024 को जारी विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउंसलिंग के माध्यम से 22 मई 2024 को निर्धारित कार्यक्रमानुसार की जाएगी। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के लिए आयोग वेबसाइट से काउंसलिंग लेटर, ऑनलाइन आवेदन-पत्र की प्रति, विस्तृत आवेदन-पत्र व विस्तृत आवेदन पत्र हेतु ऑनलाइन शुल्क की रसीद एवं आवश्यक दिशा-निर्देश डाउनलोड कर विस्तृत आवेदन-पत्र (दो प्रतियों में) समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर संबंधित शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, जाति, मूल निवास एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां (एक प्रति में) संलग्न कर मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित दिनांक व समय पर आयोग कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा।



## कृतिका बनी स्टेट टॉपर, 98.4% अंक किए हासिल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली की बारहवीं बोर्ड की परीक्षा 2024 का परिणाम में अहमदाबाद की दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा कृति शर्मा स्टेट टॉपर रही। कृति ने इस परीक्षा में 98.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। कृति का कहना है कि हर विद्यार्थी सफलता प्राप्त कर सकता है। लेकिन उसके लिए उसे विषयवार समय निर्धारित करना चाहिए। कृति भविष्य में सीए बनना चाहती है। उनका अगला लक्ष्य सीए एग्जाम में टॉप करना है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों के साथ-साथ माता-पिता को दिया।

## CBSE टॉपर

XIIth

कृति शर्मा




98.40%

भाव्या कौशिक



94.2%

राघवेश शर्मा



81.00%

Xth

कुंजल अग्रवाल



99.6%

वंशिका गौड



97.00%

रांची सिंघल



94.50%

सूफियान रजा मंसूरी




93.00%

80% से ज्यादा मार्क्स वाले विद्यार्थी हमें अपनी मार्कशीट व फोटो भेज सकते हैं। jagrukjantanews@gmail.com

# तालकटोरा में लाइट एंड साउंड शो की तैयारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** तालकटोरा में नौकायन (बोटिंग) प्रोजेक्ट पर अब ग्रहण लगता नजर आ रहा है। स्मार्ट सिटी ने नौकायन करने वाली फर्म को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। वहीं प्रोजेक्ट को हैरिटेज निगम को सौंप दिया है। अब हैरिटेज निगम ने तालकटोरा को पर्यटन स्थल के रूप में ही विकसित करने की तैयारी कर ली है। ऐसे में यहां नौकायन को लेकर संशय है। अफसरों की मानें तो तालकटोरा के



सूखने की आशंका देखते हुए नौकायन को लेकर कदम पीछे हटाए जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी ने तालकटोरा को नए पर्यटन स्थल के रूप में डवलप करने के लिए प्लान तैयार किया है। इसके तहत यहां नौकायन शुरू करने के लिए पिछले साल सितंबर में टेंडर किए गए। टेंडर में सफल रहने वाली फर्म को 5 अक्टूबर को वर्कऑर्डर जारी किया, लेकिन फर्म ने तीन बार नोटिस जारी करने के बाद भी काम शुरू नहीं किया। इसके बाद स्मार्ट सिटी ने फर्म को बाहर का रास्ता दिखा दिया। ऐसे में तालकटोरा में नौकायन की कवायद धरी रह गई। यूडीएच व स्वायत्त शासन विभाग के आला अफसरों के निर्देश के बाद स्मार्ट सिटी ने तालकटोरा प्रोजेक्ट को हैरिटेज निगम को सौंप दिया है।

### अब नए सिरे से होगी कवायद

**अफसरों** की मानें तो तालकटोरा को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए अब हैरिटेज निगम नए सिरे से कवायद करेगा। इसके तहत यहां पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित की जाएंगी। लाइट एंड साउंड शो शुरू किया जा सकता है। हालांकि यह काम चुनाव आचार संहिता हटने के बाद ही होगा। इसके लिए पहले डीपीआर बनेगी, उसके बाद टेंडर किए जाएंगे।

**तालकटोरा** को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां लाइट एंड साउंड शो शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। नौकायन को लेकर एक्सपर्ट से राय लेंगे, उसके बाद ही विचार किया जाएगा।
**- अभिषेक सुराणा,** आयुक्त, हैरिटेज निगम

## रावत स्कूल के विद्यार्थियों का 12वीं बोर्ड में परचम



» **जागरूक जनता @ जयपुर।** रावत पब्लिक स्कूल,प्रताप नगर के विद्यार्थियों ने सीनियर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा 2023.24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय की ह्यूमैनिटीज की छात्रा रिया सहगल ने 99.40% अंक प्राप्त करके संपूर्ण भारत के टॉप रैंकर्स में स्थान प्राप्त किया। रिया के हिस्ट्री,इकोनॉमिक्स और इन्फॉर्मेशन प्रैक्टिस में 100 नंबर ,इंग्लिश में 98 एवं जियोग्राफी में 99 मार्क्स आए। साइंस,कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज के 30 से अधिक बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त करे एवम 51 विद्यार्थियों ने 85% से अधिक अंक प्राप्त किए। सीबीएसई के क्लास 10 वी के नतीजों में 24 से अधिक बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। 45 विद्यार्थियों ने 85% से अधिक अंक प्राप्त किए। यश शर्मा ने 95.6% अंक प्राप्त कर 10वी में टॉप किया। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत एवं निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी।

## श्रीधरी दीदी के विलक्षण धारावाहिक दार्शनिक प्रवचन एवं संकीर्तन 18 से

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मानसरोवर, पत्रकार कॉलोनी रोड़ स्थित 'प्रेम सत्संग भवन' में जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज की प्रचारिका सुश्री श्रीधरी दीदी के विलक्षण धारावाहिक दार्शनिक प्रवचन एवं रसमय संकीर्तन का आयोजन होगा। इस प्रवचन श्रृंखला का आयोजन 18 से 26 मई तक प्रतिदिन साँय 6 से 7.30 बजे तक किया जायेगा। इस विकराल कलिकाल में अनेक अज्ञानी असंतो द्वारा ईश्वरप्राप्ति के अनेक मनगढ़ंत मार्गो, अनेकानेक साधनाओं का निरूपण सुनकर भोले भाले मनुष्य कोरे कर्मकाण्डादि में प्रवृत्त होकर भ्रान्त हो रहे हैं एवं अपने परम चरम लक्ष्य से और दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में विविध दर्शनों के विमर्श से अनिश्चय के कारण, व्याकुल एवं भटके हुये भवरोगियों के लिए पंचम मूल जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज के प्रवचन अमृत औषधि के समान हैं। अपने सद्गुरुदेव के कृपाप्रसाद से ही उनकी विदुषी प्रचारिका सुश्री श्रीधरी जी उनके समस्त शास्त्रों, वेदों एवं अन्यान्य धर्मग्रन्थों के सार स्वरूप विलक्षण दार्शनिक सिद्धान्त "कृपालु भक्तियोग तत्वदर्शन" को अपने ओजस्वी धारावाहिक प्रवचनों के माध्यम से जन-जन में प्रचारित करते हुये जीवों को श्री राधाकृष्ण की निष्काम भक्ति की ओर प्रेरित कर रही हैं। इसी श्रृंखला में उनके नौ दिवसीय दिव्य प्रवचन का आयोजन किया गया है।

## एक जून को राजधानी जयपुर से होगी रवाना, ग्यारह दिन की होगी यात्रा

# सात ज्योतिलिंगों के दर्शन कराएगी स्पेशल रेल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के जो श्रद्धालु गर्मियों की छुट्टियों में सात ज्योतिलिंगों के दर्शन करना चाहते हैं, उनके लिए खुशखबर है। भारतीय रेलवे के उपक्रम इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) श्रद्धालुओं के लिए विशेष रेल चलाएगा। खास बात यह है कि यह रेल जयपुर से रवाना होगी। इससे शेखावाटी के चारों जिलों चूरू, झुंझुनूं, सीकर व नीमकाथाना वालों को भी फायदा मिलेगा। वे पहले आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर ऑनलाइन बुकिंग करवा सकते हैं। फिर तय तारीख को ट्रेन या बस से जयपुर पहुंचकर यात्रा कर सकते हैं। यह विशेष रेलगाडी 1 जून को राजधानी जयपुर से रवाना होगी। यात्रा लगभग ग्यारह दिन की होगी। इस ट्रेन में कन्फर्म बर्थ के साथ-साथ, होटल-आवास, खानपान सेवा, ट्रांसपोर्टेशन व मन्दिर दर्शन की सुविधा भी प्रदान करवाई जाएगी।

### ट्रेन थर्ड ऐसी, किराया 26,630

**आईआरसीटीसी** के अनुसार भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन का यह रेक पूर्णतः थर्ड ऐसी होगा। यात्रा को दो श्रेणियों में बांटा गया है। स्टैण्डर्ड श्रेणी का मूल्य 26,630 रुपए प्रति यात्री रखा गया है। इसमें एसी ट्रेन मिलेगी। लेकिन रुकने के कमरे नॉन- एसी आवास तथा बस भी नॉन एसी होगी। जबकि कंफर्ट श्रेणी का मूल्य 31,500 रुपए प्रति यात्री रखा गया है। इसमें एसी ट्रेन के साथ आवास व बस भी ऐसी ही मिलेंगी।

### यह रहेगा यात्रा का कार्यक्रम

**यह** यात्रा राजधानी जयपुर से एक जून को रवाना होगी। ट्रेन दो जून को द्वारका पहुंचेगी। जहां द्वारकाधीश मंदिर के दर्शन करवाए जाएंगे। 03 जून को नागेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं भेंट द्वारका के दर्शन के पश्चात ट्रेन सोमनाथ के लिए रवाना होगी। 04 जून को ट्रेन सोमनाथ पहुंचेगी।
**पांच जून को नासिक में :** पांच जून को नासिक में त्रयम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करवाए जाएंगे। 07 जून को पुणे में भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करवाए जाएंगे। 08जून को ट्रेन औरंगाबाद पहुंचेगी, जहां घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करवाए जाएंगे। 09जून को उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन करवाए जाएंगे। दस जून को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के बाद ट्रेन 11 जून को जयपुर पहुंचेगी।






ANCHOR खुश खबर

# हृदयांश को 17.5 करोड़ के टीके से मिला नया जीवन

## स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉपी से पीड़ित हृदयांश

## जेके लोन अस्पताल में लगाया गया दुनिया का सबसे महंगा इंजेक्शन, अब 24 घंटे डॉक्टरों की निगरानी में

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉपी से पीड़ित हृदयांश को अब नया जीवन मिल गया है। हृदयांश को आज जेके लोन अस्पताल में डॉक्टर्स की निगरानी में दुनिया का सबसे महंगा इंजेक्शन जोलगेनेस्मा लगाया गया। इससे पहले यह इंजेक्शन दोपहर दो बजे तक लगाया जाना था। लेकिन पेपर वर्क कंप्लीट होने में समय लगा। जिसकी वजह से शाम करीब छह बजे यह इंजेक्शन बच्चे को लगाया गया है।

इंजेक्शन लगाने के बाद डॉक्टर प्रियांशु माथुर ने बताया कि अब बच्चे को 24 घंटे ऑब्जर्वेशन में रखेंगे। इसके बाद दो महीने तक बच्चे के दवाईयां चलेगी। फिर बच्चा आम लोगों की तरह जीवन यापन कर सकेगा।



### दुर्लभ बीमारी है एसएमए..

स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी एक जेनेटिक बीमारी है। इसके कारण हृदयांश का कमर से नीचे का हिस्सा बिल्कुल भी काम नहीं करता है। इस बीमारी का इलाज 24 महीने की उम्र तक ही किया जाता है। इस बीमारी का समय पर इलाज नहीं होने पर यह पूरे शरीर में फैल जाती है। फेफड़े काम करना बंद कर देते हैं। इससे जान का भी खतरा होता है। इसके लिए विदेश से विशेष प्रकार के इंजेक्शन की जरूरत होती है।

बच्चे के परिजनों ने सभी का सहयोग करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। पत्रिका की ओर से हृदयांश को बचाने के लिए मुहिम चलाई गई थी। इसके बाद लोग क्राउड फंडिंग के लिए आगे आए, जिससे हृदयांश का इलाज संभव हुआ। हृदयांश की मदद के लिए आमजन के साथ पुलिस विभाग भी आगे आया है। बता दें कि इंजेक्शन बनाने वाली अमेरिकी कंपनी ने भी हृदयांश के इलाज में काफी मदद की है। उन्होंने इंजेक्शन की 17.5 करोड़ रुपए की राशि को चार किश्तों में जमा कराने की छूट दी है। अब तक क्राउड फंडिंग से जमा हुए 9 करोड़ रुपए से इंजेक्शन की पहली किश्त जमा करा दी है। बाकी राशि को तीन किश्तों में एक साल में जमा कराया जाएगा।

**चिकित्सा विभाग**

## स्वेच्छा से अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में स्वेच्छा से अनुपस्थित चल रहे कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बिना सूचना के लम्बे समय से अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए ऐसे कार्मिकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। सिंह के निर्देशों के बाद निदेशक (अराजपत्रित) राकेश कुमार शर्मा ने समस्त राजकीय मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रकों, समस्त अधीक्षकों, संयुक्त निदेशक जोन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों, प्रमुख चिकित्साधिकारियों सहित सभी नियंत्रण अधिकारियों को पत्र लिखकर ऐसे कार्मिकों की सूचना मांगी है। साथ ही इन कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के प्रस्ताव भी भिजवाने के निर्देश दिए हैं। शर्मा ने बताया कि बिना सूचना के अनुपस्थित रहने के मामलों को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। ऐसे कार्मिकों को 3 दिवस में कर्तव्य पर उपस्थित होने के लिए संबंधित नियंत्रण अधिकारियों द्वारा नोटिस जारी किए जा रहे हैं। कर्तव्य पर अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरूद्ध प्रकरण के अनुसार परिवीक्षाकाल संतोषजनक रूप से पूर्ण नहीं करने, वित्त विभाग के 12 जनवरी 2017 के परिपत्र तथा राजस्थान सिविल सेवा नियम के नियम 86 (4) के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए नियंत्रण अधिकारियों को चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाएं निदेशालय को 15 दिवस में प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए गए हैं।

## ACEO ग्रामीण विकास के 33 पद सृजित, आदेश जारी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने 33 जिलों की जिला परिषदों में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ACEO) ग्रामीण विकास के पद सृजित किए हैं। इनका कार्य ग्रामीण विकास की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन करना है। इस तरह जिला परिषद में दो एसीईओ कार्य करेंगे। ये सभी सीईओ के अधीन होंगे। इस संबंध में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने आदेश जारी किए हैं।

### जिला परिषद स्तर पर प्रभारी अधिकारी होंगे

**ग्रामीण** विकास एवं पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने पत्र में कहा है कि ग्रामीण विकास राज्य सेवा के कैडर का पुनर्गठन कर पूर्व के 33 जिलों में जिला परिषद स्तर पर चयनित वेतन श्रंखला एल-19 में एसीईओ ग्रामीण विकास एवं संयुक्त जिला परियोजना समन्वयक मनरेगा के नवीन पद का सृजन किया गया है। एसीईओ ग्रामीण विकास विभाग की सभी योजनाओं के लिए जिला परिषद स्तर पर प्रभारी अधिकारी होंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद के नियंत्रण में कार्य करेंगे। साथ ही सीईओ के लिंक अधिकारी होंगे।

## 1 जुलाई से बंद हो जाएंगे रणथंभौर, सरिस्का टाइगर पार्क

**» जागरूक जनता @ जयपुर।** प्रदेश के टाइगर रिजर्व्स में मानसून ब्रेक रहेगा। ऐसे में 1 जुलाई से बंद प्रदेश के रणथंभौर, सरिस्का टाइगर पार्क हो जाएंगे। सरिस्का, रणथंभौर में पर्यटन गतिविधियां बंद हो जाएंगी। 1 जुलाई से 30 सितंबर तक दोनों टाइगर पार्क बंद रहेंगे। हालांकि इस दौरान रणथंभौर, सरिस्का का बफर खुला रहेगा। रणथंभौर बफर के जोन 6 से 10 में पर्यटन गतिविधि जारी रहेगी। सरिस्का में टहला और सदर रूट व बफर रूट खुला रहेगा। रामगढ़ विषधारी का भी एकमात्र बफर रूट खुला रहेगा। तीन महीने मानसून के दौरान टाइगर पार्क बंद रहते है।

**# Rajasthan Congress : गहलोत, पायलट सहित अन्य नेता भी करने लगे प्रयास**

# प्रदेश कांग्रेस में फेरबदल की सुगबुगाहट

**पीसीसी चीफ बदलने को लॉबिंग शुरू**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में लोकसभा चुनावों के बाद से सियासी पारा चढ़ा हुआ है। कांग्रेस रे हो या भाजपा दोनों ही जगह कमोबेश एक जैसे ही हालात हैं। चुनावों के परिणाम आने के बाद दोनों ही दलों में बड़े-बड़े नेताओं की छुट्टी होना तय है। ऐसा माना जा रहा है कि 4 जून के बाद भाजपा और कांग्रेस दोनों में ही बड़े स्तर पर संगठानात्मक बदलाव होने की पूरी संभावना है। जहां भाजपा की चुनावी रणनीति को फेल करने वाले बड़े पदाधिकारियों की संगठन से विदाई तय हैं वहीं कांग्रेस में भी चुनावों में योजना के अनुरूप काम नहीं करने को लेकर आलाकमान ने नाराजगी जताई है। इसको लेकर कांग्रेस में भी अंदर खाने अध्यक्ष सहित पूरी कार्यकारिणी में बदलाव की सुगबुगाहट तेज हो गई है। पार्टी में वर्तमान अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का मैनेजमेंट पूरी तरह से फेल हो गया। टिकट वितरण में भी डोटासरा को अधिक तवज्जों नहीं मिली। चुनावों से पहले मैदान में उतारने के लिए उम्मीदवार नहीं मिले तो चुनाव बाद जिनको टिकट दिया वे लोग मैदान छोड़ कर भाग गए। इसके साथ ही सबसे अहम बात ये रही कि प्रदेश में कांग्रेस को बचा पाने में भी डोटासारा पूरी तरह असफल रहे। पार्टी के बड़े-बड़े नेता चुनावों के ऐन वक्त पर पार्टी का दामन छोड़ भाजपा में शामिल हो गए।




### डोटासरा को एक्सटेंशन की उम्मीद



कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस नेता सचिन पायलट की आपसी लड़ाई में सबसे ज्यादा फायदा प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने उठाया, लेकिन डोटासरा संगठन को मजबूत बनाने में असफल रहे। उनका कहना है कि पदाधिकारियों का पार्टी छोड़ना और चुनावों में कांग्रेस के लिए काम नहीं करना उनके लिए नेगेटिव गया है। पेपर लीक मामले में उनका नाम भाजपा ने पूरजोर तरीके से उठाया। अब तो इस मामले में भाजपा उनको बड़ी मछली बताकर घेरने की तैयारी में हैं। गौरतलब है कि उनका नाम कलाम कोचिंग के मामले में काफी सुर्खियों में आया था। अगर राजस्थान में कांग्रेस लोकसभा चुनाव के रिजल्ट में उम्मीद के मुताबिक़ प्रदर्शन करती है तो हो सकता है डोटासरा को एक्सटेंशन मिल जाए।

### पायलट खेमा लगा रहा जोर



प्रदेश कांग्रेस में बदलाव को लेकर सचिन पायलट खेमा भी जोर लगा रहा है। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश अध्यक्ष के लिए फिर से पायलट का नाम सबसे आगे है। क्योंकि उन्हें पार्टी के ही कद्दावर नेताओं द्वारा अपमानित किया गया फिर भी वे कांग्रेस पार्टी को छोड़कर नहीं गए। विधानसभा चुनावों में भी इतना बड़ा सियासी ड्रामा होने के बाद भी वह पार्टी के साथ खड़े रहे। पायलट पार्टी के ऐसे नेता हैं जिनको आलाकमान ने जो जिम्मेदारी सौंपी उसको उन्होंने पूरा किया। इसलिए एआईसीसी डोटासरा के स्थान पर उनको प्रदेशाध्यक्ष बना सकती है। लोकसभा चुनाव में सचिन पायलट ने सबसे अधिक राज्यों में चुनाव प्रचार किया है। अगर पायलट चाहेंगे तो कांग्रेस उन्हेंजिम्मेदारी दे सकती है।

### गहलोत खेमा सक्रिय, विरोध तेज



**राजस्थान** में कांग्रेस के तारणहारों में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम सबसे पहले लिया जाता है। उनको सियासी जादूगर भी कहा जाता है। लेकिन जब से उनकी सरकार आई वो अपनी ही पार्टी के नेताओं को मनाने और हटाने के प्रयास करते रहे। जानकारों का कहना है कि शायद गहलोत को इसी बात का अहम हो गया था कि राजस्थान में कांग्रेस उनकी वजह से ही है। उन्होंने सरकार में जो मंत्री बनाए उन्होंने भी जनता विरोधी काम किए, जिससे कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में रोष व्याप्त हो गया। वहीं गहलोत ने सबसे ज्यादा समय अपने धूर विरोधी सचिन पायलट को कांग्रेस से निकालने के लिए लगाया।

### नहीं दिखाई रूची

**लोकसभा** चुनाव बाद से ही कांग्रेस में खेमेबाजी शुरू हो गई है। पहले भी कई कद्दावर नेताओं ने पार्टी का साथ यही कहते हुए छोड़ा था कि हमारी यहां सुनवाई नहीं हो रही है। इसको लेकर आलाकमान ने पूर्व में भी नाराजगी जताई थी। लेकिन चुनावों में पार्टी की हिस्सेदारी देखकर ये साफ हो गया कि संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में चुनाव को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं हैं।

### गुटबाजी में फंसी रही कांग्रेस पार्टी

**विधानसभा** चुनावों से ही गुटबाजी कांग्रेस में हावी रही। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि बड़े नेता अलग-अलग खेमे में काम कर रहे हैं जो पार्टी को समाप्तकर रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट और प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के गुटों ने लोकसभा चुनावों में भी अपने हिसाब से टिकटों का बंटवारा और दूसरी पार्टियों से गठबंधन किया।

### प्रदेशाध्यक्ष की कतार में

**कांग्रेस** में तीन बड़े नामों के अलावा कु छ और नाम भी सुर्खियों में हैं जिनमें आलाकमान जातिगत समीकरण भी साधना चाहेगा। दलित नेता के रूप में टीका राम जूली को नेता प्रतिपक्ष की ज़िम्मेदारी दी गई है। ऐसे में ओबीसी या किसी जनरल कास्ट के नेता को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जा सकता है। इन नेताओं में बात करें तो सीपी जोशी, हरीश चौधरी, रघु शर्मा, मुरारीलाल मीणा, अशोक चांदना और भंवर जितेन्द्र सिंह का नाम भी शामिल है। लेकिन आलाकमान राजस्थान में प्रदेशाध्यक्ष का नाम तय करने से पहले जातिगत समीकरणों पर भी पूरा फोकस करेगा। इसके साथ ही आलाकमान तीनों बड़े खेमों की सहमति के बाद ही प्रदेश अध्यक्ष का नाम तय करेगा। जिससे आगे आने वाले चुनावों और प्रदेश में मजबूत विपक्ष खड़ा हो सके।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews



**मंदिर श्री पापड़ वाले हनुमान मंदिर**

## श्री कनक बिहारी जी श्रीराम जानकी मंदिर का द्वादशवां पाटोत्सव संपन्न



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** महामंडलेश्वर श्री राम सेवक दास महाराज के सानिध्य में सर्वप्रथम श्री ठाकुर जी की पूजा, अर्चना अभिषेक के साथ 21 कुंडिय श्री राम यज्ञ में आचार्य सतीश शास्त्री के उपस्थिति में करीब 65 जोड़ों ने मंत्रोचार के साथ आहुतियां दी तथा पूर्णाहुति एवं आरती की गई।श्री रामचरितमानस ग्रंथ की पूजा अर्चना एवं आरती की गई साथ ही मध्यान्ह में मंदिर प्रांगण सत्संग भवन में सामूहिक संगीत मय सुंदर कांड पाठ का आयोजन हुआ। पुजारी राजाराम दास ने बताया कि आरती के पश्चात राम नाम संकीर्तन (रामधुनी) के साथ ही हजारों संतों गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे (प्रसादी) का कार्यक्रम भी रखा गया जो देर रात तक जारी रहा। इस अवसर पर मंदिर को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया।


### आयोग ने कनिष्ठ विधि अधिकारी परीक्षा के परिणाम किये जारी

**अजमेर @ जागरूक जनता।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से कनिष्ठ विधि अधिकारी (विधि एवं विधिक कार्य विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 के साक्षात्कार का परिणाम जारी कर दिया गया है।

**शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई)**

## प्रत्येक बालक को शिक्षा के समान अवसर मिले-कुणाल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्रत्येक बालक को निःशुल्क शिक्षा का अधिकार दिया गया है। कुणाल ने शिक्षा संकुल में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, के अन्तर्गत राज्य के गैर सरकारी विद्यालयों में प्री-प्राइमरी (पीपी-3) एवं कक्षा-1 में 25 प्रतिशत सीटों पर समाज के असुविधाग्रस्त समूह एवं दुर्बल वर्ग को प्रवेश में वरीयता क्रम निर्धारण के लिए ऑनलाइन लॉटरी निकाली। उन्होंने बताया कि लॉटरी द्वारा जारी वरीयता सूची को अभिभावक विद्यालयवार प्राइवेट स्कूल वेबपोर्टल www.rajpsp.nic.in के होम पेज पर 'अभ्यर्थी प्राथमिकता क्रम' पर क्लिक करके देख सकते हैं। साथ ही अभिभावक अपने आवेदन की आईडी नम्बर व मोबाइल नम्बर से लॉगिन करके अपने बालक-बालिका का वरीयता क्रमांक सभी आवेदित विद्यालयों में एक साथ देख सकते हैं।

प्रदेश के इकतीस हजार आठ से सत्तावन निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए तीन लाख आठ हजार सात सौ बयासी बालक बालिकाओं के आवेदन प्राप्त हुए हैं। 7 जून से 25 जुलाई तक प्रथम चरण में विद्यालयों में प्रवेश दिए जाएंगे। 26 जुलाई से 16 अगस्त द्वितीय चरण तथा 17 अगस्त से 31 अगस्त तक तृतीय चरण में वरीयता के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे।

इस अवसर पर अतिरिक्त परियोजना निदेशक पूनम प्रसाद सागर, सुरेश कुमार बुनकर सहित आरटीई से संबंधित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिन्ट मीडिया के पत्रकार उपस्थित रहे।







# चीनी फौज बदल रही, भारत न रहे पीछे



जब भारत असाधारण रूप से लंबी चुनाव प्रक्रिया में उलझा हुआ है, बाकी दुनिया अपनी प्राथमिकताओं पर आगे बढ़ रही है। पिछले हफ्ते, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने देश के सशस्त्र बलों के व्यापक पुनर्गठन की ओर कदम बढ़ाते हुए पीपल्स लिबरेशन आर्मी (PLA) की डिविजन स्ट्रैटजिक सपोर्ट फोर्स (SSF) को भंग करने का आश्चर्यजनक फैसला किया। इस डिविजन का गठन उन्होंने 2015 में किया था, जिसका मकसद PLA के स्पेस, साइबर, इलेक्ट्रॉनिक और साइकॉलजिकल वॉरफेयर से जुड़े हिस्सों का विलय करना था।

**सूचना सहायता बल :** इसके स्थान पर, शी ने सूचना सहायता बल (ISF) की शुरुआत की, जिसे उन्होंने PLA का एक नया रणनीतिक घटक बताया और कहा कि यह नेटवर्क सूचना प्रणाली को समन्वित रूप से आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस फैसले के बाद अब PLA में चार प्राथमिक शाखाएं हो गई हैं – थल सेना, नौसेना बल, वायु सेना और रॉकेट बल। इसके अतिरिक्त, चार सहायक इकाइयां हैं- संयुक्त लॉजिस्टिक सपोर्ट फोर्स और SSF से प्राप्त तीन डिविजन।

**भ्रष्टाचार विरोधी अभियान :** शी के मुताबिक, इससे चीनी सेना को 'मौजूदा दौर के युद्धों में प्रभावी ढंग से शामिल होने और जीत हासिल करने' में मदद मिलेगी। वैसे, इस कदम की भूमिका पिछले साल PLA के भीतर चलाए गए उनके व्यापक भ्रष्टाचार विरोधी अभियान से तैयार हुई। कई प्रभावशाली जनरल इस अभियान की चपेट में आए। चीन की परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइलों के तेजी से बढ़ते भंडार के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार रॉकेट फोर्स में भी इस वजह से डिसरप्शन आया।

**शी की निगरानी को मजबूती :** पुनर्गठन का ताजा प्रयास PLA की रणनीतिक क्षमताओं पर शी की प्रत्यक्ष निगरानी को मजबूत करता है और भविष्य में युद्ध के बदलते स्वरूप के मद्देनजर AI और अन्य उभरती टेक्नॉलजी का कुशलतापूर्वक उपयोग सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर देता है। यह चीन के लिए इस अर्थ में भी अहम है कि वह अपनी सेना को बदलते रणनीतिक हालात और मौजूदा दौर में युद्ध के तेजी से विकसित होते स्वरूप के अनुकूल ढालने की कोशिश कर रहा है।

**आधुनिकीकरण का दशक :** पिछले एक दशक में चीन ने अपनी सैन्य क्षमताओं का व्यापक आधुनिकीकरण किया है, जिसका लक्ष्य PLA को क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम अजेय ताकत में तब्दील करना है। इस आधुनिकीकरण अभियान में तकनीकी प्रगति, संगठनात्मक सुधार और सैद्धांतिक विकास सहित विभिन्न पहलू शामिल हैं।

**अत्याधुनिक हथियार :** चीन के सैन्य आधुनिकीकरण का केंद्र बिंदु अत्याधुनिक हथियार और साजो-सामान का विकास व अधिग्रहण रहा है। इसमें एयरक्राफ्ट कैरियर्स की कमिशनिंग के जरिए नौसैनिक क्षमता में वृद्धि करना, अगली पीढ़ी के लड़ाकू जेट विमानों के जरिए वायु सेना का आधुनिकीकरण और उन्नत बैलिस्टिक व क्रूज मिसाइलों के जरिए मिसाइल फोर्स को मजबूती देना शामिल है।

**संगठनात्मक सुधार :** इसके अलावा, कमांड संरचनाओं को सुव्यवस्थित करने, संयुक्त संचालन में सुधार और PLA की समग्र दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए संगठनात्मक सुधार शुरू किए गए हैं। इन सुधारों में नए कमांड और थिएटर कमांड की स्थापना के साथ-साथ सैन्य कर्मियों को पेशेवर और आधुनिक बनाने के प्रयास शामिल हैं।

**भारत के लिए चुनौतियां** – कहने की जरूरत नहीं कि चीन का सैन्य आधुनिकीकरण भारत के लिए कई तरह की चुनौतियां पेश करता है। चीन की बढ़ी हुई सैन्य क्षमताएं इस क्षेत्र में शक्ति संतुलन को प्रभावित कर सकती हैं। देखा जाए तो इस क्षेत्र में चल रहे विवादों पर चीन के रुख में पहले के मुकाबला ज्यादा आक्रामकता अभी से स्पष्ट होने लगी है। ऐसे में स्वाभाविक ही दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव का खतरा बढ़ गया है।

**रक्षा पर खर्च** – वैसे भी चीन की बढ़ती सैन्य शक्ति का भारत की रक्षा योजनाओं और सुरक्षा चिंताओं पर प्रभाव पड़ता ही है। संभावित चीनी आक्रामकता के खिलाफ एक विश्वसनीय प्रतिरोध बनाए रखने के लिए भारत अपने सैन्य आधुनिकीकरण प्रयासों में निवेश बढ़ाने को मजबूर है।

**मेक इन इंडिया** – पिछले दशक में भारत ने अपने सशस्त्र बलों को आधुनिक बनाने और इनकी दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से रक्षा सुधारों का सिलसिला शुरू किया है। एक महत्वपूर्ण सुधार 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के माध्यम से स्वदेशी रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देना है। इस पहल का उद्देश्य रक्षा उपकरणों के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करना, आयात पर निर्भरता कम करना और रक्षा क्षमताओं में भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है।

**खरीद प्रक्रिया** – इसके अलावा, महत्वपूर्ण मिलिटरी हार्डवेयर और प्रौद्योगिकी के अधिग्रहण में तेजी लाने के लिए रक्षा खरीद प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (DAP) और रणनीतिक साझेदारी मॉडल जैसे उपायों का उद्देश्य खरीद प्रक्रियाओं को सहज और सुविधाजनक बनाना और रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

**बुनियादी ढांचे का विकास** – भारत की सीमाओं पर, विशेषकर चीन से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में, रक्षा बुनियादी ढांचे के विकास पर भी जोर बढ़ाया गया है। इसमें सशस्त्र बलों की मोबिलिटी बढ़ाने और उनके लिए लॉजिस्टिक सपोर्ट बढ़ाने के मकसद से सड़कों, हवाई क्षेत्रों और अन्य बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। इसके अलावा, भारतीय सशस्त्र बलों की तीनों शाखाओं- थल सेना, नौसेना, वायु सेना के बीच एकीकरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।

**थिएटर कमांड पर बहस** – फिर भी तेजी से सुधार और व्यापक पुनर्गठन की जरूरत बनी हुई है। देश में थिएटर कमांड पर बहस अभी भी अटकी हुई है। मानव संसाधन और टेक्नॉलजी का अनुपात वाजिब स्तर से काफी कम है। चीन के हालिया कदम भारत के लिए एक चेतावनी हैं। भारतीय सशस्त्र बलों को 21वीं सदी के युद्ध लड़ने लायक बनाना जून में आने वाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## सम्पादकीय

# वोट की कीमत

चौथे चरण के मतदान के दौरान जहां 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में नजरें मतदान प्रतिशत के आंकड़े पर थी, वहीं आंध्र प्रदेश में चुनाव की पूर्वसंध्या पर हुए एक खास घटनाक्रम पर ही सबका ध्यान अटका था। मामला कई क्षेत्रों में वोटरों के बीच धन वितरित किए जाने के आरोपों से जुड़ा था और वोटिंग के बीच भी यह सवाल बना हुआ था कि चुनाव आयोग इन खबरों पर किस तरह से रिएक्ट करता है।

**मतदाताओं का प्रदर्शनः** हालांकि इस तरह के आरोप प्रायः हर चुनाव में देश के अलग-अलग हिस्सों से सुनने को मिलते हैं। लेकिन आंध प्रदेश का इस बार का मामला इस रूप में खास है कि इसमें मतदाताओं की अति सक्रियता ने पोल खोल दी। कई इलाकों में लोगों ने पैसों की मांग करते हुए या पैसा बांटने में गड़बड़ी की शिकायत करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

**आंध्र प्रदेश मतदान में धन वितरण, वादाखिलाफी, भ्रष्ट चलन, मतदाताओं के अधिकार, राजनीतिक दलों के चलन, और RWA की फरमाइशें सामने आए। यह बीमारी समाज के हर हिस्से को प्रभावित कर रही है।**

**वादाखिलाफी का आरोप :** यह मामला इस मायने में अभूतपूर्व कहा जा सकता है कि वोट के बदले कैश को अधिकार समझकर वोटरों ने इस मामले में हुई कथित वादाखिलाफी के खिलाफ सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन किया। कुछ लोगों की शिकायत थी कि कैश बांटते समय उन्हें छोड़ दिया गया तो कुछ अन्य मामलों में कैश का वादा नहीं निभाने का आरोप था।

**भ्रष्ट चलन की निरंतरता :** साफ है कि इसके पीछे राजनीतिक दलों की ओर से गरीब मतदाताओं को कैश देकर उनके वोट खरीदने का बरसों पुराना चलन है। एक भ्रष्ट चलन का चुनाव-दर-चुनाव बने रहना कानून व्यवस्था से जुड़ी एजेंसियों और चुनाव आयोग की नाकामी तो है ही, लेकिन मामला यहीं तक सीमित नहीं है। इससे यह भी पता चलता है कि हमारे इस लोकतांत्रिक राष्ट्र में मतदाताओं को जागरूक बनाने का काम कितने आधे-अधूरे ढंग से आगे बढ़ा है।

**नहीं बदले हालात :** एक बड़ा सवाल मतदाताओं की सामाजिक आर्थिक स्थिति का भी है। जो मतदाता अपने वोट से पांच साल के लिए देश और राज्य के शासक चुनता है, वह इस अधिकार के इस्तेमाल की एवज में चाहता क्या है तो महज एक से छह हजार रुपये के बीच की कोई रकम। इससे अगर वोट देने के अपने अधिकार को लेकर उसकी कमजोर समझ उजागर होती है तो यह भी स्पष्ट होता है कि उसकी अपनी जिंदगी के हालात कितने बुरे हैं।

**बीमारी व्यापक है :** कैश वितरण की ये घटनाएं भले ही समाज के कमजोर माने जाने वाले हिस्सों की कहानी कहते हों, यह बीमारी अन्य कथित रूप से मजबूत माने जाने वाली हिस्सों में भी है। इसका उदाहरण भी आंध्र प्रदेश में ही मिल गया जब ये खबरें आईं कि कई पॉश माने जाने वाले अपार्टमेंट और गेटेड सोसायटी में RWA की तरफ से कई प्रत्याशियों के पास वोट की एवज में जेनरेटर और सोलर पावर की फरमाइशें भिजवाई गईं।

**हरियाली, पेड़-पौधे, मिट्टी-पानी और प्राण वायु कुदरत ने हमें जो बेशकीमती तोहफे दिए हैं, उनसे महरूम कर हम आज के बचपन को चहारदीवारी में कैद कर रहे हैं। तो आज से हमारी कोशिश हो कि बच्चे मोबाइल और गैजेट्स से दूर प्राकृतिक माहौल में समय गुजारें।**

# बच्चों के छोटे हाथों को चांद-सितारे छूने दो!

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**मंजू माहेश्वरी**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**उनके छोटे हाथों को चांद.सितारे छूने दें, उन्हें खुली हवा में खुलकर सांस लेने देंए पंख फैलाकर उड़ने देंए ताकि एक स्वस्थ और समृद्ध देश का निर्माण हो सके।**



शायर ने क्या खूब कहा है, उड़ने दो परिंदों को अभी शोख हवा में, फिर लौट के बचपन के जमाने नहीं आते। सच ही है कि किसी के जीवन में बचपन लौटकर नहीं आता। बेटा, मिट्टी में मत जाओ, कपड़े और हाथ-पांव गंदे हो जाएंगे।अक्सर हम किसी मां को बच्चे को रोकते-टोकते सुन लेते हैं। लेकिन हमें यह जानना होगा कि कुदरती माहौल में और मिट्टी में खेलने से बच्चे का इम्यून सिस्टम मजबूत होगा और साथ ही साथ मौसमी बीमारियों से भी बचाव होगा। खुली जगह में खेलने से और मिट्टी के संपर्क से बच्चे को सेहत संबंधी फायदे मिलेंगे, जो ताउम्र उसे स्वस्थ रखेंगे। क्योंकि बैक्टीरिया और वायरस रहित माहौल भविष्य में होने वाली कई बीमारियों का खतरा बनता है, खुले माहौल में खेलने से बच्चों में कई बीमारियों से जूझने की क्षमता विकसित होती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। शिमट्टी से कुछ ख्वाब उगाने आया हूं, मैं धरती का गीत सुनाने आया हूं। कुछ इसी मानसिकता से बच्चे घर से बाहर निकलने को बेताब रहते हैं, खुले में जाने की जिद करते हैं। इटली की पर्लेमो यूनिवर्सिटी ने अपनी रिसर्च में बताया कि जो बच्चे ब्लू और ग्रीन स्पेस में ज्यादा समय बिताते हैं, वे भविष्य में कई रोगों से बचे रहते हैं। कुछ रिसर्च पर नज़र डालें तो-

1.श्नेचर रिव्यूज कैंसर, जर्नल में प्रकाशित शोध के अनुसार एक्यूट लिंफोब्लास्टिक ल्यूकेमिया 'बच्चों में होने वाला एक कैंसर, अक्सर 4 साल और उससे छोटे बच्चों में ज्यादा मिलता है। इसके दो कारण होते हैं। जीन में बदलाव होना, दूसरे बचपन में ज्यादा साफ-सुथरे रहने से किसी तरह का संक्रमण न होना। संक्रमण नहीं होने से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित नहीं हो पाती। इसलिए शोधकर्ताओं का मानना है कि बच्चों को प्रकृति की गोद में, खुले माहौल में, हरियाली और पानी के आस-पास खेलने दें। गौरतलब है कि इस कैंसर के 90 फीसदी मामलों में इलाज हो जाता है।

2. बेल्जियम के हैसेल्ट विश्वविद्यालय के प्रोफेसर टिम नावरोट, डॉ. हैने स्लीर्स और अन्य टीम ने पिछले दिनों एक अध्ययन किया था। अध्ययन के अनुसार हरे-भरे स्थानों और पार्कों में खेलने, पार्क के पास रहने वाले बच्चों में हड्डियां काफी मजबूत होती हैं और उनका स्वास्थ्य बेहतर रहता है। दिलचस्प है यह जानना है कि बचपन में बच्चों की हड्डियों का द्रव्यमान जितना मजबूत होता है, उनके जीवन में आगे बढ़ने की क्षमता उतनी ही अधिक होती है। हाल ही के एक शोध में खुले और हरे-भरे वातावरण में रहने वाले वयस्कों और बड़ों के स्वास्थ्य को अन्य की अपेक्षा बेहतर पाया गया।

3.जर्नल जेएएमए नेटवर्क ओपन में प्रकाशित एक अध्ययन कुछ अलग ही आंकड़े सामने लाता है। इसमें शहरी, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर 4 से 6 साल के 300 से अधिक बच्चों की हड्डियों के घनत्व को मापने के लिए अल्ट्रासाउंड का इस्तेमाल किया गया। दिलचस्प है यह जानना कि जिन बच्चों के घर के 1000 मीटर के आस-पास 25 फीसदी हरी-भरी जगह है, उनमें अस्थि घनत्व कम होने का जोखिम 70ः कम था। अध्ययन में बच्चों की उम्र, वजन, ऊंचाई और उनके शिक्षा के स्तर को ध्यान में रखा गया था। अध्ययन बताते हैं कि हड्डियों की मजबूती और विकास बचपन में ही निर्धारित हो जाता है, हरियाली के आस-पास समय बिताने वाले बच्चों की शारीरिक गतिविधियां बढ़ जाती हैं, जिससे वे अनेक बीमारियों और वजन आदि बढ़ने से बचे रहते हैं, उनका आईक्यू लेवल अन्य की तुलना में ज्यादा होता है, बौद्धिक विकास बेहतर होता है, वे बेहतर मानसिक और भावनात्मक विकास हासिल कर पाते हैं। जाहिर है कि मोबाइल और गैजेट्स से दूर प्राकृतिक माहौल में समय गुजारने से मानसिक तौर पर सकारात्मक असर पड़ता है।

शिकागो यूनिवर्सिटी की रिसर्च में पाया गया कि मिट्टी में मौजूद माइक्रो आर्गेनिज्म बच्चों के मूड को अच्छा बनाते हैंए उन्हें मनोवैज्ञानिक तौर पर सशक्त करते हैं। इससे बच्चों में रचनात्मकता बढ़ती है और साथ ही दूसरे बच्चों के साथ खेलने से तनाव का स्तर कम होता है, टीम में रहने की और सहयोग की भावना आती है। जमीन से जुड़ाव होता है। हमें पर्यावरण को सुरक्षित रखना है, तो देश के भविष्य का निश्चित तौर पर कुदरत से जुड़ाव होना जरूरी है। हां, कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है। खेलने वाली मिट्टी साफ और प्रदूषण रहित हो, बच्चे मिट्टी को मुंह में नहीं लें, मिट्टी खाने की आदत नहीं पड़े। आपका लगातार मॉनिटर करना भी उतना ही जरूरी है, जितना कि बच्चों का खेलना।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

# प्रजातंत्र को स्थायित्व जन संवाद से मिलता है

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**डॉ. रामावतार शर्मा**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

भारत में हर साल कोई न कोई चुनाव होते रहते हैं। पंचायत से लेकर लोकसभा चुनावों को देखा जाए तो लगेगा कि इतनी चुनावी सीढ़ियों चढ़नेवाला भारत का मतदाता बड़ा परिपक्व होगा तथा इस देश में प्रजातंत्र अच्छी तरह से फल फूल रहा होगा। यह सत्य है कि भारत में चुनावी प्रक्रिया समयबद्ध है और यहां चुनाव होते हैं। यह एक स्वस्थ परंपरा है परंतु चुनाव से जुड़ी कितनी ही संस्थाओं का स्वास्थ्य संदेह के घेरे में है। टी एन शेषन के पहले आम नागरिक चुनाव आयोग के महत्व को नहीं जानता था। शेषन अपने कर रुख और निडरता के कारण अपने समय काल में बड़ी प्रतिष्ठा अर्जित की। शेषन के बाद कुछ वर्षों तक चुनाव आयोग अपनी प्रतिष्ठा को बनाए रखने में कामयाब रहा परंतु पिछले दो तीन दशकों में वह शेषन काल से पहले की स्थिति से भी बदतर हालात में चला गया है जहां देश का एक बड़ा बहुमत चुनाव आयोग को निष्पक्ष नहीं मानता है। आयोग अब सत्ता पक्ष का एक हथियार मात्र हो कर रह गया माना जाने लगा है क्योंकि उसकी अधिकतर फैसले विपक्ष को प्रताड़ित करने वाले होते हैं और सत्ता से जुड़े लोगों के उल्लंघनों को पूरी तरह से अनदेखा किया जाता है। चुनाव आयोग का काष्ठ पुतलिका होना एक गंभीर बात है। आयोग को इस रुग्णता से मुक्त करने के लिए एक बार फिर से शेषन जैसे अधिकारी की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। आज के हालातों में तो मुख्य चुनाव आयुक्त का लोग नाम तक नहीं जानते हैं। चुनाव आयोग का नेपथ्य में जाना प्रजातंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

हमें याद रखना चाहिए कि जो संस्थाएं प्रजातंत्र की रक्षक होती हैं वे इसके विनाश का कारण भी बन सकती हैं। अदालतों पर नेताओं का परोक्ष दबाव, ई डी और सीबीआई का दुरुपयोग, पुलिस पर पार्टी विशेष का शिकंजा आदि समय के साथ प्रजातंत्र को बेहद कमजोर बना देते हैं। यहां एक बात और देखी जाती है जिसमें सत्ता के शिखर पर बैठा समूह पहले तो विपक्ष को समाप्त करने का प्रयास करता है परंतु आगे चल कर वह अपनी ही पार्टी के मुखर और जनाधार वाले नेताओं को किनारे लगाने लगता है। एक समय के बाद एक या दो लोगों की तूती बोलने लगती है। इस स्थिति में कई लोग अपनी पार्टी को सुरक्षित मानने लगते हैं पर उनका यह व्यवहार दीर्घकाल में देश और स्वयं की पार्टी के लिए घातक हो सकता है। प्रजातंत्र के मायने मात्र मताधिकार का उपयोग नहीं होता है। प्रजातंत्र वह होता है जहां हर नागरिक को व्यक्तिगत स्वतंत्रता उपलब्ध हो, उसे शिक्षा चिकित्सा न्यूनतम व्यय में उपलब्ध हो। धर्म, जाति और नस्ल भेद सरकार के स्तर पर नहीं हो। जहां सरकार गरीबी, भुखमरी, अशिक्षा, शोषण, दासता और अन्याय के विरुद्ध आम नागरिक के साथ हो। यदि ऐसा नहीं होता हो तो उस देश का प्रजातंत्र एक धोखा है। इसके अलावा प्रशासन, पुलिस और न्यायालयों में यदि समयबद्ध कार्य नहीं होते हैं तो प्रजातंत्र का सारा उद्देश्य असफल हुआ माना जाना चाहिए। देश के प्रजातंत्र के रखवाले उसके नेता होते हैं। उनके भाषणों में उनकी भाषा उनके व्यक्तित्व तो प्रतिबिंबित करती है।

# चार आर दिलाएंगे कचरे से निजात

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**अमित बैजनाथ**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

भारत दुनिया में कचरा पैदा करने वाला सबसे बड़ा देश है, जहां हर साल करीब 30 करोड़ टन से भी ज्यादा सॉलिड वेस्ट पैदा हो रहा है, लेकिन हम इसका 60 फीसदी ही निस्तारित कर पाते हैं। बाकी यह इधर-उधर ही पड़े रहकर पर्यावरण को प्रभावित कर रहा है। यह कचरा जल, वायु और भूतल प्रदूषण का कारण बन रहा है। देश में 75 फीसदी से ज्यादा कचरा खुले में डंप किया जाता है। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट बताती है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सबसे ज्यादा कचरा उत्पन्न होता है। इस मामले में दिल्ली ने मुंबई, बेंगलूरु और हैदराबाद जैसे शहरों को काफी पीछे छोड़ दिया है। इन शहरों में भी इलेक्ट्रॉनिक, प्लास्टिक जैसे कचरे को अलग-अलग करने और सही ढंग से रीसाइक्लिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इन शहरों में लैंडफिल साइट भर चुकी हैं। प्लास्टिक या कचरे को कई जगहों पर जलाया जाता है। किसी भी जगह नई लैंडफिल साइट का लोग विरोध करते हैं, क्योंकि इससे कई प्रकार का प्रदूषण होता है।

इस समय दुनिया में प्रतिवर्ष 201 करोड़ टन से ज्यादा ठोस कचरा पैदा हो रहा है। इसका एक तिहाई बेहद खतरनाक तरीके से वातावरण में फेंका जा रहा है, जो आने वाले समय में वातावरण के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। अनुमान है कि वर्ष 2050 तक ठोस कचरे का कुल उत्पादन बढ़कर 340 करोड़ टन तक पहुंच सकता है, जो दुनिया के लिए बड़ी समस्या बनकर उभर सकता है। हालांकि पर्यावरण विशेषज्ञों की राय है कि अगर इस ठोस कचरे के सही तरीके से निस्तारण की व्यवस्था की जाए तो यही कचरा एक नए विकसित उद्योग की जगह ले सकता है और यह रोजगार उपलब्ध कराने का एक बड़ा अवसर साबित हो सकता है। उनका कहना है कि प्रति व्यक्ति ठोस कचरे का उत्पादन सबसे ज्यादा आर्थिक स्तर पर निर्भर करता है। गरीब वर्ग के लोग कम कचरा पैदा करते हैं, जबकि विकसित अर्थव्यवस्था में लोग प्रति व्यक्ति ज्यादा कचरा पैदा करते हैं। यह मात्रा 0.74 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से लेकर 4.54 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन तक अलग-अलग है। साल 2009 में भारत के शहर प्रतिदिन 80,000 मीट्रिक टन कचरे का उत्पादन कर रहे थे। अनुमान है कि साल 2047 तक भारत एक वर्ष में 26 करोड़ टन कचरे का उत्पादन करेगा, जिसका निपटान करने के लिए करीब 1,400 वर्ग मीटर के भराव क्षेत्र यानी कि लैंडफिल की आवश्यकता होगी। यह क्षेत्र हैदराबाद, मुंबई और चेन्नई को मिलाकर बने क्षेत्र के बराबर होगा। एक तथ्य यह भी है कि नियमों के बावजूद भी भारत में भराव क्षेत्रों को बढ़ावा दिया गया है। वर्तमान में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नगर निगमों द्वारा निजी ठेकेदारों को जो ठेके दिए जाते हैं, उनमें ठेका लेने वालों को ज्यादा से ज्यादा कचरा लाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। ठेके में शुल्क का भुगतान कचरा ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही के अनुसार मिलता है। जितना ज्यादा कचरा लाएंगे, उतना ज्यादा शुल्क मिलेगा। भूमि की लागत और इसकी उपलब्धता पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। कई देशों में कचरे के निपटान के लिए पूर्व व्यवस्था को बदला गया है। कचरे से संबंधित शुल्क का भुगतान इसे इकट्ठा करने या लाने-ले जाने के लिए नहीं, बल्कि कचरे के निपटान के लिए किया जाता है।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।


# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



व्यवहार का पूरा सार (नींव) यदि कुछ है तो वह नीति (नियम) हैं। जीवन में नीति होगी तो पैसे चाहे कम भी हो आपको शांति महसूस होगी और यदि जीवन में नीति नहीं है तो पैसे ज्यादा होने के बावजूद भी अशांति रहेगी। जहां नीति है वहीं पर सुख है। अनीति वास्तव में अनीति नहीं है बल्कि नियम का न होना अनीति है। अनीति में कभी नियम रहता ही नहीं, क्योंकि जैसे ही अनीति अपनाते हैं, हमारा लालच बढ़ता है। नियम में रहकर अनीति हो नहीं सकती। नियम में रहने से कल्याण हो जाता है। मोक्ष क्या है? मोक्ष अर्थात मुक्त भाव, परमानन्द। संसार के भावों से मुक्ति ही परमानन्द है। मोक्ष प्राप्त करना आत्मा का स्वभाव है। वास्तव में हम स्वयं के स्वरूप (आत्मस्वरूप( के अज्ञान से बंधे हुए हैं। ज्ञान से ही यह बंधन टूट सकता है। अज्ञान से मुक्ति यह पहला मोक्ष है। कर्म से और देह से मुक्ति यह दूसरा मोक्ष है। परवशता का अहसास हो तब बंधन का अनुभव होता है। बंधन का अनुभव होने के बाद मुक्ति का मार्ग मिलता है। सद्गुरु मुक्ति का सही मार्ग बताते हैं। जहां सम्पूर्ण निश्चय और सम्पूर्ण व्यवहार हो, वही मोक्ष मार्ग है। आत्मा तो मोक्ष स्वरूप है, मोक्ष तो देह में अहंकार से बंधे जीव का करना है। मैं यह देह नहीं, मैं कौन हूं यह जानना और स्वरूप का ज्ञान होना, इनसे बंधन टूटने लगते हैं। **क्रमशः**

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग





ज्योतिर्विद्
अक्षय शास्त्री
साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 15/05/2024**

**सूर्योदय** : 05:43 **सूर्यास्त** : 19:03 **चन्द्रोदय** : 12:00 **चन्द्रास्त** : 00:59 **शक सम्वत** : 1946 क्रोधी **विक्रम संवत** : 2081 **अमान्ता महीना** : वैशाख **पूर्णिमांत** : वैशाख **सूर्य राशि** : वृषभ **चन्द्र राशि** : कर्क **पक्ष** : शुक्ल **तिथि** : अष्टमी, 30:23 तक **वार** : बुधवार **ऋतु** : ग्रीष्म

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : आश्लेषा, 15:24 तक
**योग** : वृद्धि, 07:37 तक
**प्रथम करण** : विष्टि, 17:21 तक
**द्वितिय करण** : बावा, 30:23 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:07 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:28 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:33 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:04 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:05 पी एम से |
| अमृत काल | 01:40 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 11:57 पी एम से 12:38 ए एम, मई 16 |

### निवास और शूल

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : शुक्र
कुंभ चक्रः दक्षिण

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 05:42 - 07:22 | उद्वेग : 19:02 - 20:22 |
| अमृत | : 07:22 - 09:02 | शुभ : 20:22 - 21:42 |
| काल काल वेला | : 09:02 - 10:42 | अमृत : 21:42 - 23:02 |
| शुभ | : 10:42 - 12:22 | चर : 23:02 - 00:22 |
| रोग वार वेला | : 12:22 - 14:02 | रोग : 00:22 - 01:42 |
| उद्वेग | : 14:02 - 15:42 | काल : 01:42 - 03:02 |
| चर | : 15:42 - 17:22 | लाभ : 03:02 - 04:21 |
| लाभ | : 17:22 - 19:02 | उद्वेग : 04:21 - 05:41 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज अष्टमी

### आज कौन सा कार्य करें

संग्राम, वास्तु, शिल्प, लेखन, स्त्री, रत्न धारण, आभूषण खरीदना ये सब अष्टमी को शुभ हैं।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

वैशाख, शुक्ल, अष्टमी, 2081 बुधवार, 15 मई - 21 मई, 2024

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
किसी प्रभावशाली व्यक्ति से संपर्क बनेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। पराङ्म व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कारोबार मनोनुकूल चलेगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। बेरोजगारी दूर होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। व्यापार निवेश व नौकरी मनोनुकूल लाभ देंगे। लंबी यात्रा हो सकती है।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
स्वास्थ्य पर खर्च होगा। लापरवाही न करें। कार्य करते समय चोट लग सकती है। गृहिणियां विशेष ध्यान रखें। जल्दबाजी से बचें। अकारण विवाद हो सकता है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
लापरवाही न करें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से आत्मसम्मान कम हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनहानि के योग हैं। जोखिम न लें।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेशादि सोच-समझकर करें। बाहर लंबी यात्रा की योजना बन सकती है। जीवन सुखमय गुजरेगा। उत्साह व प्रसन्नता रहेंगे। प्रमाद न करें।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
डूबी हुई रकम प्राप्ति की संभावना बनती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। कारोबार में वृद्धि संभव है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। बुद्धि के कार्य करें।

**कर्क** [हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
शैक्षणिक व शोध इत्यादि रचनात्मक कार्य के परिणाम सुखद मिलेंगे। किसी मांगलिक व आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
सामाजिक मान-सम्मान प्राप्त होगा। कारोबार में मनोनुकूल लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। लंबी व्यावसायिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। विवाद से बचें। ₹ोध न करें। कोई बड़ा काम तथा लंबी यात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
योजना फलीभूत होगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। उत्साह व प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में अमन-चैन रहेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। वाणी में हंसी-मजाक समय व स्थिति को देखकर करें। शोक समाचार प्राप्त हो सकता है।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

शिक्षा मंत्री के निर्देश पर विश्वविद्यालय ने की नई पहल

# प्री डीएलएड में हिंदी और अंग्रेजी के अलग प्रश्न पत्र मिलेंगे, 45% कागज बचेगा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोटा।** इस बार प्री डीएलएड परीक्षा-2024 के प्रश्न पत्र हिंदी तथा अंग्रजी भाषा में अलग- अलग छपवाए जाएंगे। ऐसा करने से प्रश्न पत्र छपवाने के खर्चे में कमी आएगी। वहीं दूसरी ओर प्रश्न पत्र में पृष्ठ संख्या कम होने से कागज की भी बचत होगी। इस वर्ष प्री डीएलएड परीक्षा आयोजित करने के लिए वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा को नोडल एजेंसी नियुक्त किया है। कुलपति प्रो कैलाश सोडाणी ने बताया कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के निर्देशानुसार प्रश्न पत्र हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में अलग-अलग छपाए जाएंगे। मंत्री दिलावर का कहना है कि यह प्रश्न-पत्र हिंदी व अंग्रजी भाषा में अलग-अलग छपने से छपाई के खर्चे में कमी आएगी। दूसरी तरफ प्रश्न-पत्र में पृष्ठ संख्या कम होने से कागज की भी बचत होगी। बीते सालों में इस परीक्षा से संबंधित प्रश्न-पत्र हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में संयुक्त रूप से छप रहे थे। जिसमें करीब 32 से 40 पेज एग्जाम की पेपर बुकलेट में होते थे। पिछले साल करीब 6 लाख कैंडिडेट ने यह परीक्षा दी थी। जिनमें से महज 5 फीसदी अभ्यर्थी ही अंग्रेजी के होते हैं, शेष 95 फीसदी कैंडिडेट हिंदी माध्यम के होते हैं। इसलिए इन प्रश्न-पत्रों का दोनों भाषाओं मे छपवाना उचित भी नहीं है। इसके बजाय आवेदन के समय ही अभ्यर्थियों से उनकी चॉइस की जानकारी ली जाएगी, उसके अनुसार ही आवेदन की गई भाषा में प्रश्न-पत्र दिया जाएगा। ऐसे में एक प्रश्न-पत्र 16 से 20 पेज का ही होगा।

### गत वर्ष परीक्षा में 6 लाख अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे

गत वर्ष परीक्षा में 6 लाख अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 5 प्रतिशत अभ्यर्थी भी अंग्रेजी माध्यम के नहीं होते। इस बार आवेदन के समय ही अभ्यर्थियों से भाषा की चॉइस की जानकारी लेकर उसी अनुसार प्रश्न पत्र अंग्रेजी एवं हिंदी में अलग अलग छपवाकर मंगाए जाएंगे। इससे कागज की बचत होगी।

### अब तक मात्र 3 प्रतिशत ने दी अंग्रेजी की चॉइस

प्री डी एलएड. परीक्षा 2024 के लिए 14 मई तक 31925 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिसमें से अंग्रेजी माध्यम में प्रश्न पत्र प्राप्त करने के लिए 1067 ( 3.34%) अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

---

सेवा भारती का सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 16 को

# 15 समाजों के 45 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** सेवा भारती समिति, जयपुर का 13वां श्री राम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन अंबावाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में होगा। सेवा भारती समिति, राजस्थान के मंत्री गिरधारी लाल शर्मा की अध्यक्षता में आदर्श विद्या मंदिर में बैठक आयोजित कर कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे गए। सामूहिक विवाह सम्मेलन में 15 समाजों के 45 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। इसमें 38 सजातीय और सात जोड़े अंतरजातीय है।

प्रचार प्रसार प्रमुख ऋतु चतुर्वेदी ने बताया कि 16 मई को सुबह साढ़े सात बजे सभी मेहमान और जोड़े विवाह स्थल पहुंच जाएंगे। अल्पाहार के बाद स्तंभ पूजन और प्रधान पूजा होगी। इसके बाद सियारामदास बाबा की बगीची से गाजेबाजे के साथ सामूहिक बारात निकासी होगी। सभी दूल्हे अलग-अलग घोडियों पर बैठकर विवाह स्थल पहुंचेंगे, जहां तोरण के बाद स्टेज पर वरमाला होगी, विवाहोत्सव के इसी क्रम में अलग-अलग वेदियों पर मंत्रोच्चार के साथ पाणिग्रहण संस्कार होगा। प्रीतिभोज के बाद विदाई समारोह होगा। सम्मेलन के संयोजक नवल बगडिया, अध्यक्ष नागरमल अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश भारती, मंत्री हनुमान सिंह भाटी, कोषाध्यक्ष हरि कृष्ण गोयल, सह संयोजक गिरधारी लाल शर्मा सहित अन्य सभी पदाधिकारी आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

---

## बाड़मेर-बीकानेर-ऋषिकेश ट्रेन वैकल्पिक मार्ग से चलाने की मांग

**» जागरूक जनता @ बीकानेर।** बाड़मेर-बीकानेर-ऋषिकेश जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के लगातार निरस्त होने पर रेलयात्री हेल्प कमेटी ने संज्ञान लिया है। इस संदर्भ में कमेटी अध्यक्ष अनिल सोनी झूमरसा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मांग की है कि ट्रेन के निरस्त होने संबंधी आमजन की परेशानियों को देखते हुए वैकल्पिक मार्ग से ट्रेन चलायी जाए। उन्होंने बताया कि पंजाब में किसान आंदोलन के चलते बाड़मेर-जोधपुर-बीकानेर-हरिद्वार जाने वाली ट्रेन विगत 25 दिनों से भी अधिक समय हो गया बठिंडा तक ही चल रही है। इस ट्रेन से बीकानेर और आसपास के लोग अपने प्रियजनों की अस्थियों को विसर्जित करने के लिए हरिद्वार जाते हैं। ट्रेन के लगातार निरस्त होने से आमजन बेहद परेशान हो रहा है। कई समाजों के श्मशानों में अस्थियों के लॉकर भी भरने लगे हैं।

---

## परिंदों के लिए 51 परिण्डे लगाये



**» जागरूक जनता @ जयपुर ।** मानव समाज सेवा संस्थान राजस्थान एवं नीतू गुर्जर मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा शिवाजी नगर स्थित धाभाई गौशाला में परिंदों के लिए 51 परिण्डे बाँधे। संस्थान के अध्यक्ष डॉ मुकेश गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर समाज सेवी अमरसिंह धाभाई,नटवर लाल भाटिया,नवीन बांठिया, चेतन गोस्वामी आदि गणमान्य नागरिकों ने नियमित दाना व पानी की व्यवस्था करने की शपथ ली।

---

## आईआईएस की 10वीं की भाविष्का के 97.6 और 12वीं की धैर्या के 96.6 फीसदी अंक



**» जागरूक जनता @ जयपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली की दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षा 2024 का परिणाम में इण्डिया इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का सर्वश्रेष्ठ परिणाम रहा। बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2024 में 218 विद्यार्थी प्रविष्ट हुए। विज्ञान संकाय में धैर्या शर्मा ने 96.6 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इनमें बारहवीं में 12 विद्यार्थियों ने 95 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं 36 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में वृत्तिका तिवारी ने 96.2फीसदी अंक, कला संकाय में वृंदा शर्मा ने 96.2 फीसदी अंक प्राप्त किए। दसवीं बोर्ड की परीक्षा 2024 में 238 विद्यार्थी प्रविष्ट हुए। इनमें भाविष्का शर्मा ने 97.6 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं 63 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के निदेशक डॉ.अशोक गुप्ता व प्राचार्या माला अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

---

## उत्साह से मनाया गुरुदेव श्री श्री रविशंकर का जन्मोत्सव



**» जागरूक जनता @ जयपुर।** गुरुदेव श्री श्री रविशंकर का जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जन्मदिन के उपलक्ष्य में श्री श्री रविशंकर आश्रम, प्रताप नगर, जयपुर में आर्ट ऑफ लिविंग राजस्थान परिवार द्वारा रक्तदान शिविर, नेत्रदान शिविर व बेहतर स्वास्थ्य हेतु आयुष होमा का आयोजन किया गया। आर्ट ऑफ लिविंगकी स्टेट टीचर कोऑर्डिनेटर अपर्णा शर्मा ने बताया कि सभी आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर्स पर हैप्पीनेस कार्यक्रम आयोजित किए गए।

---

जमदग्नि ऋषि आश्रम रूण्डल में आयोजित किए कार्यक्रम

# उत्साह से मनाया परशुराम जन्मोत्सव

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**जयपुर।** अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सोबर द्वारा भगवान परशुराम मन्दिर जमदग्नि आश्रम रूण्डल में मनाई गई। जिसमें सोबर के अध्यक्ष डॉ शिव गौतम, महासचिव ईन्जी आर सी शर्मा डायरेक्टर सुशील कुमार पारीक, विजय पुरोहित, शिव प्रसाद शर्मा, आर पी शर्मा सत्यप्रकाश शर्मा डॉ महेंद्र शर्मा, डीपी शर्मा, सुमीत शर्मा पवन कुमार पाण्डेय, बजरंग लाल शर्मा सहित सोबर के काफी संख्या मे सदस्यों ने भाग लिया। सोबर के सदस्यों के अलावा, रूण्डल, मानपुर, माचेडी, ढोली, लखेर, सामोद, चंदवाजी, गठवाडा बीलपुर एव अन्य आसपास के ब्राह्मण बंधुओं के अलावा सर्व समाज के लोगों ने भाग लेकर बडे ही उत्साह के साथ शानदार जानदार तरीके से मनाया। भगवान परशुराम जी के मन्दिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के एक बर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रम किये। शोभा यात्रा, ग्राम रूण्डल से शुरू होकर जमदग्नि ऋषि आश्रम भगवान परशुराम मन्दिर पंहुची।

कार्यक्रम के मुख्य पंडित मुक्ति लाल शर्मा पूर्व प्राचार्य के एवं पांच पंडितों ने अभिषेक हवन, यज्ञ पाटोत्सव कार्यक्रम में मंत्रोच्चारण कर विधी विधान से समपन्न कराये, रूण्डल से महन्त ओम प्रकाश शर्मा, सत्यनारायण चुलेट, रामलाल तिवारी, संतोष जोशी, प्रभु लाल बोहरा, का सक्रिय सहयोग रहा।,रूण्डल विप्र बंधुओं के अलावा रामूजी आफोरिया, रामसिंह यादव, जगदीश बंजारा, मालीराम सैनी, रामस्वरूप बाडीगरफेमेली (जॉनी) ग्यारसीलाल मीणा और अनेक गणमान्य नागरिकों का सहयोग सराहनीय रहा, रूण्डल, मानपुर माचेडी सामोद, ढोली, लखेर, चंदवा जी, गठवाडा, बीलपुर, श्याम पुर आदि,ग्रामो के सर्व समाज के लोगों ने भाग लेकर परशुराम भगवान के दर्शन किये परसादी ग्रहण की। सर्व समाज के सर्वमान्य नेता रूण्डल कापरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष ठाकुर रणवीर सिंह पूर्ण सहयोग के कारण कार्यक्रम बहुत सफल और शानदार रहा।

कार्यक्रम मे लखेर कस्बे से जुलूस के रूप ब्राह्मण रत्न आरएएस ओमप्रकाश शर्मा और वाख्याता महेश शर्मा के नेतृत्व में ब्राह्मण बंधुओं ने कार्य क्रम में भाग लिया सभी का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया सभी ने भगवान परशुराम जी के दर्शन किये परसादी ग्रहण की।

---

# दिव्यांग हितार्थ बहुउद्देशीय कार्यक्रम संपन्न

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net







**जयपुर।** दिव्यंग सेवा केंद्र पर दिव्यांग हितार्थ बहुउद्देशीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत आयोजित मेडिकल कैंप में होम्योपैथिक निशुल्क चिकित्सा हीमोग्लोबिन बीपी शुगर जांच निशुल्क व्यवस्था नेत्र रोग की निशुल्क जांच एवं परामर्श दिया गया। शिविर में लगभग 100 दिव्यांगों ने सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविर का उद्घाटन अखिल भारतीय अधिकारी डॉ महावीर सैनी एवं डोकर डॉक्टर अशोक सोलंकी ने किया।

दिव्यांग रसोई एवं निशुल्क आहार वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन संघ के शहर क्षेत्र कार्यवाह माननीय गैंदा लाल जी सैनी ने दिव्यांग बन्धुओ को अल्पहार करवाकर उद्घाटन किया किया इस शिविर में चिकित्सा लेने वाले तथा फिजियोथैरेपी लेने वाले दिव्यांग बंधु आगंतुक एवं उनके परिजनों ने दिव्यांग रसोई आहार व्यवस्था के अंतर्गत भोजन प्रसादी भी प्राप्त की लगभग 50 संख्या रही। कार्यक्रम में गरिमा में उपस्थित डॉक्टर कुलदीप मिश्रा डिप्टी रजिस्टार राजस्थान विश्वविद्यालय एवं अखिल भारतीय मंत्री सदस्य ओम प्रकाश सैनी सक्षम राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर अशोक सोलंकी अखिल भारतीय युवा प्रकोष्ठ प्रभारी गेंदालाल शहर क्षेत्र कार्यभार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजेंद्र धाकड़, कृष्ण वल्लभ सह प्रान्त सचिव,महानगर अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा ने, धर्मेन्द्र शर्मा समदर्शी क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम के प्रांत सचिव आदि की गरिमा में उपस्थिति रही कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ सतीश मंगल ने विस्तृत जानकारी दी। शिविर प्रभारी निर्भय सिंह खटाना तथा महिला प्रभारी शोभा म.शर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

---

अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर 'ओथ' आयोजित

# नर्सिंग प्रोफेशन में त्याग करना आना जरूरी-बियानी





» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में बियानी नर्सिंग कॉलेज की ओर से अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर ओथ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इटरनल हॉस्पिटल की मेडिकल नर्सिंग हैड डॉ. प्रियंका मान, मार्केटिंग हैड पृथ्वी सिंह, चैयरमेन डॉ. राजीव बियानी, संस्था के निदेशक व प्रसिद्ध मोटिवेशनल गुरु डॉ. संजय बियानी, डीन डॉ. ध्यान सिंह गोठवाल, सीनियर नर्सिंग प्रिंसिपल तारावती चौधरी, नर्सिंग प्रिंसिपल लथा पी.एस और वाइस प्रिंसिपल जीशु जार्ज ने गणेश वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान सभी की उपस्थिति में नर्सिंग की प्रथम वर्ष की छात्राओं को शपथ ग्रहण करवाई गई और उन्हें नर्सिंग क्षेत्र में योगदान व सामाजिक और नैतिक दायित्वों के बारे में समझाया गया। सीनि. नर्सिंग प्रिंसिपल तारावती चौधरी ने अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम संचालन डॉ विधि शर्मा और डॉ लक्ष्मी फरसवाल ने किया।

---

## प्रथम पृष्ठ सटिक का शेष

**पुरुषों** को तो शराब पीकर नाली में पड़े हुए खूब देखा जाता है, मगर अब तो महिलाओं को भी कई बार शराब पीकर सड़क पर उत्पात मचाते हुए, खुलेआम सिगरेट पीते हुए और भी अभद्रता करते देखा जा सकता है। समाज में बड़े-बूढ़ों की मर्यादाएं भी कम हो गई हैं। पहले हर घर में पूरे कुटुम्ब और परिवार के लिए भोजन बनता था। मगर अब कुटुम्ब कम हो गए और परिवार भी हम दो हमारे दो तक सिमट रहा है। तो भोजन भी सप्ताह में बामुश्किल पांच दिन ही बनता है दो दिन तो घर से बाहर ही होटल या ढाबों में खाएंगे। तो भोजन बनना भी कम हो गया। आजकल टीवी और मोबाइल में बहुत कुछ दिखाई देता है इसलिए पुस्तक पढ़ना भी कम हो गया है। भाईयों का आपस में प्रेम भी कम ही दिखाई पड़ने लगा है। आजकल मेहमान भी कम ही आते हैं। किसी शुभ काम में आए तो भोजन किया और चले गए। कम ही रुकते हैं। सत्य बोलना भी कम हो गया। बात-बात में झूठ का सहारा लिया जाने लगा है। हमारी सभ्यता भी कम होती जा रही है। और तो और अब तो परिवार में एक दूसरे के प्रति समर्पण भी कम हो गया। और समर्पण की भावना नहीं होने से एक-दूसरे के प्रति श्रद्धा और प्रेम स्वतः ही कम हो गया। इसलिए हमें उपरोक्त बातों के घटने का कारण अवश्य ढूंढ़ना चाहिए। वरना कम होते-होते ये सब समाप्ति की ओर चले जाएंगे।

**-शिवदयाल मिश्रा**
Shivdayalmishra@gmail.com

---

आईआईएस यूनिवर्सिटी की फेयरवेल सेरेमनी आर्शीवाद

# इंडो-वेस्टर्न डांस की रॉकिंग परफॉर्मेंस से छाई खुमारी



**जयपुर @ जागरूक जनता।** आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) मानसरोवर का कैंपस लॉन खुशनुमा माहौल में अनेक छात्राओं की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से खिल उठा। मौका था फेयरवेल सेरेमनी आर्शीवाद का। यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अशोक गुप्ता ने फाइनल ईयर की तमाम स्टूडेंट्स को उनके उज्जवल भविष्य के लिए आर्शीवचन दिए। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इस मौके पर वाइस चांसलर डॉ.टीएन माथुर, रजिस्ट्रार डॉ.राखी गुप्ता आदि मौजूद रहीं। छात्राओं के निवर्तमान बैच की मौजूदगी में अन्य छात्राओं ने गणेश वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। फेयरवेल सेरेमनी का खास आकर्षण लेडी ऑफ द इवनिंग व मिस फेयरवेल- 2024 का सलेक्शन रहा। इसमें विभिन्न रोचक राउंड में मुस्कान ओझा मिस फेयरवेल-2024 चुनी गईं। इसी प्रकार बिविचिंग ब्यूटी अदिति शर्मा(बीबीए) और लेडी ऑफ द इवनिंग सिमरन अग्रवाल (बीजेएमसी) को चुना गया। इस दिलचस्प कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी ग्रुप सॉन्ग की सुरीली प्रस्तुति दी। इससे पहले कार्यक्रम में बॉलीवुड हिट सॉन्ग्स पर छात्राओं ने इंडियन समेत वेस्टर्न डांस की रॉकिंग परफॉर्मेंस से माहौल में खुमारी का आलम बना दिया। वहीं राजस्थानी लोकनृत्यों में माटी की सोंधी महक के साथ संस्कृति की अनुपम झलक देखने को मिली। थिएट्रीकल सोसायटी की ओर से प्रस्तुत स्किट यारियां को भी काफी सराहा गया। कार्यक्रम के दौरान एक डिजिटल एलबम -इकोज लॉन्च किया गया। सभी निवर्तमान छात्रों को प्रशंसापत्र प्रमाण पत्र बांटे गए।

---

## परीक्षाओं के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**» जागरूक जनता @ जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 16 से 24 मई तक सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक परीक्षा (कॉलेज शिक्षा विभाग) के तहत ऐच्छिक विषयों की परीक्षा का आयोजन जयपुर शहर के परीक्षा केन्द्रों पर किया जायेगा। परीक्षा का आयोजन प्रथम पारी में प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे एवं द्वितीय पारी में दोपहर 2:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलक्ट्रेट के कमरा नम्बर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो 15 मई तक प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक एवं 16 से 24 मई तक प्रातः 7 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त परीक्षा नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। परीक्षा आयोजन के लिए पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा, चिकित्सा, नागरिक सुरक्षा, विद्युत, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित अन्य संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## राजस्थान बोर्ड: 12वीं के नतीजे जल्द होंगे घोषित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अजमेर।** राजस्थान बोर्ड 12वीं परीक्षा में शामिल स्टूडेंट्स का इंतजार जल्द ही खत्म हो सकता है। इंटरमीडिएट का रिजल्ट इस सप्ताह में कभी भी घोषित किया जा सकता है। बोर्ड ने इसके संकेत दें दिए हैं। रिजल्ट आधिकारिक वेबसाइट rajresults.nic.in पर जारी किया जाएगा। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से पहले 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित किए जाएंगे और उसके बाद 10वीं का रिजल्ट जारी किया जाएगा। आरबीएसई की ओर से जारी सूचना के अनुसार इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जल्द ही घोषित किया जाएगा। इसे लेकर समिति की बैठक की जाएगी और उससे बाद नतीजे घोषित किए जाएंगे। राजस्थान बोर्ड 12वीं परीक्षा 2024 का आयोजन 26 फरवरी 2024 से 4 अप्रैल 2024 तक किया गया था।

12वीं रिजल्ट जारी करने को लेकर आरबीएसई ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया है, जिसमें कहा है कि इंटरमीडिएट के नतीजे जल्द ही घोषित किए जाएंगे और उसे लेकर समिति की बैठक की जाएगी। पिछले साल राजस्थान बोर्ड ने 12वीं साइंस और कॉमर्स स्ट्रीम का रिजल्ट एक साथ घोषित किया गया था. वहीं इंटरमीडिएट आर्ट्स स्ट्रीम के नतीजे बाद में जारी किए गए थे। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि बोर्ड इस बार भी साइंस और कॉमर्स स्ट्रीम का परिणाम पहले और आर्ट्स स्ट्रीम का बाद में घोषित कर सकता है। हालांकि अभी बोर्ड की ओर से रिजल्ट घोषित करने की कोई आधिकारिक डेट नहीं जारी की गई है।

**# Kala Hiran Shikar Mamla : सलमान की एक्स-गर्लफ्रेंड सोमी अली ने मांगी माफी, घटना के समय सलमान बहुत छोटे थे**

# सलमान खुद माफी मांगें तो विचार संभव-विश्नोई समाज

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जोधपुर।** चर्चित काला हिरण शिकार मामले में सलमान खान की एक्सगर्लफ्रेंड सोमी अली ने विश्नोई समाज से सलमान को माफ करने की अपील की है। उन्होंने कहा- समाज के लोग सलमान की गलती को माफ कर दें क्योंकि एक्टर से छोटी उम्र में गलती हुई थी। सोमी अली के बयान के बाद अखिल भारतीय विश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बुड़िया (विश्नोई) ने कहा- सलमान यदि खुद माफी मांगें तो विश्नोई समाज इस पर विचार करेगा। गलती सोमी अली ने नहीं, सलमान ने की है। इसलिए वे खुद समाज को प्रस्ताव दें कि वह माफी मांगना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि, 14 अप्रैल को सलमान के मुंबई स्थित घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर दो लोगों ने फायरिंग कर दी थी। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस ने ली थी। सलमान के घर के बाहर फायरिंग के बाद से यह दावा किया जा रहा है कि लॉरेंस काले हिरण के शिकार का बदला लेना चाहता है। दो दिन पहले सोमी ने मीडिया में दिए बयान में कहा- खासकर जो सलमान के साथ हो रहा है, वैसा किसी दुश्मन के साथ भी न हो। इस तरह की स्थिति का कोई भी हकदार नहीं है। मेरी प्रार्थनाएं उनके साथ हैं। चाहे कुछ भी हुआ हो, जो बीत गया उसे बीत जाने देना चाहिए। मैं कभी नहीं चाहूंगी कि ऐसा कुछ किसी के साथ भी हो, चाहे वो सलमान हों, शाहरुख हों या मेरा पड़ोसी हो। सोमी ने कहा- मैं कभी नहीं चाहंगी कि सलमान या उनके परिवार को कोई दर्द सहना पड़े। जब मुझे और मां को इस घटना के बारे में पता चला तो हम हैरान रह गए।

### किसी को भी नहीं है कानून तोड़ने का अधिकार-सोमी

**सोमी** ने विश्नोई समाज से सलमान को माफ करने की अपील करते हुए कहा- हम सभी गलतियां करते हैं। जब तक आप जीवित हैं, तो गलतियां करेंगे ही। लेकिन, अगर आप किसी को मारने की कोशिश कर रहे हैं या उस पर गोलियां चला रहे हैं तो आप बाउंड्री क्रॉस कर रहे हैं। किसी को भी कानून तोड़ने का अधिकार नहीं है। मैं हंटिंग को सपोर्ट नहीं करती हूं, लेकिन यह घटना बहुत साल पहले थी। 1998 में सलमान बहुत छोटे थे। मैं विश्नोई समाज के लोगों से रिक्वेस्ट करती हूं कि वे इसे भूल जाएं और आगे बढ़ें। अगर उन्होंने (सलमान) कोई गलती की है तो मैं उनकी तरफ से माफी मांगती हूं। उन्हें प्लीज माफ कर दें। सोमी ने कहा- अगर किसी को न्याय चाहिए तो उसे अदालत का रुख करना चाहिए। किसी की जान लेना उचित नहीं है। सलमान खान को नुकसान पहुंचाने से काला हिरण वापस नहीं आएगा।

### निज मंदिर में मांगें माफी

**महासभा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बुड़िया ने कहा- सलमान खान खुद समाज को प्रस्ताव दें कि वह माफी मांगना चाहते हैं। निज मंदिर में आकर माफी मांगें। साथ ही वे यह शपथ लें कि वह आगे से कभी ऐसी गलती नहीं करेंगे। हमेशा वन्य जीवों की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण का काम करेंगे। यदि वह ऐसा करते हैं तो समाज की ओर से उन्हें माफ करने के निर्णय पर विचार किया जाएगा। क्योंकि हमारे धर्म के 29 नियमों में एक नियम क्षमा का भी है। इसलिए समाज उन्हें माफ कर सकता है। हालांकि इसके लिए समाज की एक बैठक होती है। इसमें समाज के संत जनप्रतिनिधि यूथ सहित विभिन्न जगहों के प्रतिनिधि भी शामिल होते हैं।



# श्री कृष्ण बलराम मंदिर में आम से किया शृंगार, भजन संध्या आयोजित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** श्री कृष्ण बलराम मंदिर जगतपुरा के 12वें पाटोत्सव के चौथे दिन भजन संध्या का आयोजन किया गया। बेबी आकांशा राव और राजेश शर्मा ने कृष्ण भजन की प्रस्तुति दी। जिसे सुनकर भक्त गण भावविभोर हो उठे। मंदिर के प्रवक्ता सिद्ध स्वरूप दास ने बताया कि मंदिर में में पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसमे पहले दिन हवन किया तो दूसरे दिन रथयात्रा निकाली गई, तीसरे दिन शिशुपाल वध नाटक का मंचन किया गया था। चौथे दिन देश के कोने कोने से लाए गए आम के फलों की झांकी लगाई की और भजन संध्या का आयोजन किया गया। आज अंतिम दिन गंगा सप्तमी की तिथि है इस पर श्री श्री कृष्ण बलराम की स्थापना को 12 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। पाटोत्सव के समापन पर श्री कृष्ण बलराम का महाभिषेक किया जायेगा। भजन संध्या में हरे कृष्ण मूवमेंट के चेयरमैन मधुपंडित दास समेत पूरे भारत से आए गवर्निंग बॉडी कमीशन के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# डग्स अपराधियों के विरूद्ध मुहिम चलाकर सख्त कार्यवाही करें-मुख्य सचिव

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत द्वारा शासन सचिवालय में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनन्द कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस विभाग, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, कारागार, गृह रक्षा, अभियोजन तथा राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला के विभागाध्यक्षों के विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि राज्य में मादक पदार्थ, खनन माफिया, संगठित अपराध के विरूद्ध सघन निरोधात्मक कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला अत्याचार के प्रति अति संवेदनशील है। महिलाओं के साथ किसी भी तरह की घटना होने पर उसकी त्वरित जांच कर अपराधी को सजा दिलवाना सुनिश्चित किया जाये। इसके लिए सभी कार्मिकों तथा कम्युनिटी पुलिसिंग को भी क्रियाशील किया जाये जिससे अपराधियों में भय व आमजन में विश्वास हो। मुख्य सचिव पंत ने निर्देश दिये कि अपराधियों को सजा दिलवाने हेतु राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा त्वरित सेंपल परीक्षण किये जायें। जेलों में नवीनतम तकनीकों का अध्ययन कर जैमर/टावर लगवाये जाये ताकि जेल से अपराधियों द्वारा बाहर सम्पर्क नहीं किया जा सके। बैठक में रश्मि गुप्ता, यू.आर. साहू, महानिदेशक पुलिस, राजेश निर्वाण, महानिदेशक, गृह रक्षा व कारागार, रवि प्रकाश मेहरड़ा, महानिदेशक, एसीबी, रवि शर्मा, निदेशक, अभियोजन, अजय शर्मा, निदेशक, एफएसएल व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया।

# मौसमी बीमारियों की मॉनिटरिंग ओडीके एप से होगी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने एक महत्वपूर्ण नवाचार किया है। इस नवाचार के तहत अब मौसमी बीमारियों की मॉनिटरिंग विभाग द्वारा ओडीके एप से की जाएगी। इस नवाचार से प्रदेशभर में मौसमी बीमारियों की स्थिति की रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी और बचाव एवं रोकथाम के लिए त्वरित रूप से कारगर कदम उठाए जा सकेंगे। ओडीके एप का मुख्य उद्देश्य हाउस इण्डेक्स, ब्रटू इण्डेक्स एवं कंटेनर इण्डेक्स को कम कर मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया के केसों में कमी लाना है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश में मच्छरजनित मौसमी बीमारियों की मॉनिटरिंग हेतु एक नवाचार किया गया है। उन्होंने बताया कि मच्छरजनित बीमारियों जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया की तीव्रता प्रायः वर्षा ऋतु के प्रारम्भ जुलाई-अगस्त से लेकर अक्टूबर-नवम्बर तक रहती है। विगत वर्षों में लाइफ स्टाइल एवं मौसम परिवर्तन के चलते मौसमी बीमारियों का प्रसार बढ़ने लगा है। भारत सरकार ने इस वर्ष डेंगू रोग के अधिक प्रसार की आशंका व्यक्त की है। इसे देखते हुए विभाग सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित कर रहा है। सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मौसमी बीमारियों से बचाव व नियंत्रण हेतु विभिन्न विभागीय एवं अन्तर्विभागीय गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मौसमी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण की दृष्टि से चिकित्सा विभाग ने तकनीक के उपयोग पर जोर दिया है। विभाग ओडीके ऐप द्वारा मच्छरजनित बीमारियों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग करेगा। एप के माध्यम से मच्छर के प्रजनन स्थलों तथा लार्वा पाये जाने वाले स्थानों की फोटो लेकर स्वायत्त शासन विभाग या पंचायती राज विभाग को भेजा जाएगा। फोटो मिलने के बाद संबंधित विभाग उन स्थानों पर एंटी लार्वा एवं मच्छर रोधी गतिविधियां कर आमजन को बीमारियों से बचाएंगे।

## प्रदेश में हीटवेव का अलर्ट

» जागरूक जनता @ जयपुर। राजस्थान में सोमवार, मंगलवार को कुछ आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का दौर चला। वहीं, कुछ जिलों में तापमान में बढ़ोतरी हुई। मौसम केन्द्र के अनुसार माउंट आबू, सीकर के लोसल और मालपुरा में बारिश के साथ ओले गिरे। इसके अलावा कुछ जिलों में बारिश हुई। इससे दिन के तापमान में राहत मिली। इसके बाद 15 मई से प्रदेश में हीटवेव चलेगी। दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम केन्द्र के अनुसार आगामी 72 घंटों में राज्य के कुछ भागों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी होगी। 15 मई को पश्चिमी राजस्थान में कहीं-कहीं अधिकतम तापमान 44-45 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने की प्रबल संभावना है।



## दिनेश सैन के नेतृत्व में बांधे परिंडे

» जागरूक जनता @ जयपुर । कांग्रेस कार्यकर्ता दिनेश सैन के नेतृत्व में सैक्टर-4 वाटर वर्क्स, जे.पी. कॉलोनी मुख्य सड़क व अन्य स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे लगाये गए। सैन ने स्थानीय लोगों के साथ-साथ परिंडों में दाने-पानी की व्यवस्था करने की शपथ ली। इस मौके पर गोपाल सैन के अलावा अन्य लोग भी उपस्थित थे।



## जयपुर साड़ी स्पीक में डिप्लोमेट डॉ. जेनिस दरबारी करेंगी शिरकत

» जागरूक जनता @ जयपुर। पिंक सिटी में पारंपरिक परिधान साड़ी और खादी को प्रमोट करने के लिए डिप्लोमेट एवं कंसल्टेंट जरनल ऑफ मोंटेनेग्रो डॉ. जेनिस दरबारी जयपुर आ रही हैं। मोंटेनेग्रो यूरोप का एक देश है। यहां पर यूनेस्को की सबसे अधिक हैरिटेज साइट्स मौजूद हैं। साथ ही साथ वे पूरी दुनियां में भारत के कल्चर और पहनावे को प्रमोट करने के लिए जानी जाती हैं। साड़ी स्पीक की जयपुर चैप्टर की फाउंडर हेड साधना गर्ग ने बताया की 16 मई को होटल डबल ट्री बाई हिल्टन में होने वाले इस कार्यक्रम में शहर की जानी मानी महिलाए इस प्रोग्राम में हिस्सा लेंगी । डॉ.दरबारी प्रोग्राम कि चीफ गेस्ट हैं, उनसे भारतीय साड़ी आर्टिस्ट, खादी से बनी साड़ियां और कै से दुनियाभर में साड़ी की लोकप्रियता बढ़ रही है इस चर्चा करेंगी।

## नर्सेज दिवस पर हेमराज सहित अन्य नर्सिंग ऑफिसर सम्मानित



» जागरूक जनता @ जयपुर। बिरला ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर "दा ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया" द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन पर यह सम्मान समारोह हर वर्ष आयोजित किया जाता है। इस दौरान नर्सिंग क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालें नर्सिंग अधिकारियों को राज्य स्तरीय सम्मान दिया गया। जिसमें हेमराज गुप्ता सीनियर नर्सिंग ऑफिसर कैंसर विभाग सवाई मानसिंह चिकित्सालय जयपुर, राजेश कुमार सीनियर नर्सिंग ऑफिसर ,सवाई मानसिंह चिकित्सालय जयपुर तथा जनाना हॉस्पिटल से रमेश सैनी सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली से आए टीएनए के नेशनल प्रेसिडेंट राय के जॉर्ज एवं मुख्य चेयरपर्सन डा जोगेन्द्र शर्मा रहे। इस दौरान सवाईमानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ दीपक माहेश्वरी, राजस्थान नर्सिंग काउंसिल जयपुर की रजिस्ट्रार भारती भी उपस्थित रहीं।

## उत्साह से मनाया मदर्स-डे



» जागरूक जनता @ जयपुर। शांति देवी फाउंडेशन एनजीओ के 5 वर्षीय उत्सव के तत्वधान में एनजीओ की टीम ने मदर्स डे के अवसर पर जामडोली स्थित अपना घर वृद्ध आश्रम में रहने वाले बुजुर्ग माताओ के साथ मदर्स डे मनाया। इसके तहत यहां रहने वाली 100+ माताओ को भोजन प्रसादी करवाई और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। फाउंडेशन के संस्थापक श्रवण शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन पिछले 5 वर्षों से शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, आजीविका और मानवता के विभिन्न क्षेत्रों में राजस्थान, हिमाचल, मध्य प्रदेश में काम कर रहा है।

## 'अनुबन्ध वृद्धजन कुटीर' में डाइंग मैटर्स जागरूकता सप्ताह में कार्यशाला आयोजित




» जागरूक जनता @ जोधपुर। कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा से डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी, जोधपुर के होम्योपैथी विशेषज्ञ शिक्षक-चिकित्सकों की टीम द्वारा 125 वृद्धजनों की क्षमता युक्त अनुबन्ध वृद्धजन कुटीर, मण्डोर में ''डाइंग मैटर्स जागरूकता सप्ताह'' के अवसर पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. आभा अग्रवाल, डॉ. मनाली त्यागी एवं डॉ. राकेश कुमार मीना ने यह बताया कि ''मरना उतना ही स्वाभाविक है, जितना जन्म लेना''। डॉ. मनाली ने कुछ टास्क एवं सवालो से उनकी मृत्यु के विषय पर सोच जानने की कोशिश की और उन्हे अपनी इच्छाएं व्यक्त करने का मौका दिया। डॉ. आभा ने एक कहानी एवं डॉ. राकेश ने एक भाषण के माध्यम से ''मृत्यु का विश्लेषण भयभीत होने के लिए नहीं बल्कि इस बहुमूल्य जीवन की सहाहना करने के लिए है'' बताया।

# किसान अधिकार पत्र लागू करने की तैयारी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** किसानों को राज्य सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ दिलाने के लिए कृषि विभाग में नई पहल की है। विभाग ने किसान अधिकार पत्र लागू करने और इसे राज किसान साथी पोर्टल पर अपलोड करने की तैयारी कर ली है। किसान अधिकार पत्र में कृषि विभाग के अधिकारियों के काम की पूरी टाइम लाइन का ब्योरा दिया जाएगा। साथ ही योजना में ढिलाई बरतने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों का ब्योरा भी इस पर दिया जाएगा। विभाग के स्तर पर लापरवाही होने पर किसान कृषि आयुक्तालय में शिकायत दर्ज करवा सकेंगे। इनकी सुनवाई कृषि निदेशालय के स्तर पर होगी। संबंधित अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। किसान अधिकार पत्र में किसान योजनाओं से जुड़ी तकनीकी जानकारी भी मिलेगी। कार्मिकों के जानकारी नहीं देने पर कन सहायक निदेशक कार्यालय में शिकायत कर सकेंगे। किसान 0141-2227011 नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

### खाद व कीटनाशक बिक्री लाइसेंस

विभाग की ओर से खाद-बीज, कीटनाशक बिक्री लाइसेंस की प्रक्रिया को भी आसान बना दिया गया है। अब एक माह में आवेदक को लाइसेंस जारी होंगे। इसके साथ ही विक्रेता को किसान के खरीदे गए सामान का बिल नहीं दिए जाने पर 15 दिन में विभाग को कार्रवाई करनी होगी।

### 85 दिन में कृषि यंत्र अनुदान

कृषि यंत्र के लिए राज किसान साथी पोर्टल पर आवेदन के 85 दिन की अवधि में अनुदान जारी किया जाएगा। आवेदन के 7 दिन में दस्तावेज की जांच की जाएगी। इसके बाद 8 दिन में प्रशासनिक स्वीकृति जारी करनी होगी। 45 दिन में किसान को यंत्र खरीद कर रिपोर्ट करनी होगी। 15 दिन में पोस्ट वेरिफिकेशन किया जाएगा। इसके बाद बजट होने पर 10 दिन में अनुदान भुगतान करना होगा। इसी तरह विभाग की मिट्टी-पानी की जांच रिपोर्ट एक माह में किसान को देनी होगी। विभाग को बीज का वितरण भी कृषि कैलेंडर के अनुसार बुवाई के कार्यक्रम से पहले करना होगा। फसल सुरक्षा योजना के अनुदान की प्रक्रिया 42 दिन में पूरी होगी।

**ANCHOR** बांसवाड़ा में जुटेंगे वन्य जीव प्रेमी

# चांद की दूधिया रोशनी में 200 वनकर्मी करेंगे वन्यजीव गणना

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बांसवाड़ा।** जिले की 6 रेंज में दो साल बाद वैशाखी पूर्णिमा पर वन विभाग जंगली जानवरों की टोह लेगा। इससे यहां पैंथर के कुछ कुनबे बढ़ने के साथ सियार, कबर बिज्जू, खरगोश सरीखे वन्य जीवों की असल मौजूदगी का पता चलेगा। बांसवाड़ा में बीते वर्ष विक्षोभ और बारिश की वजह से वन्यजीव गणना टल गई थी। 70 से ज्यादा वाटर हॉल पर वन्यजीव गणना के दौरान पहला अवसर होगा, जब चिह्नित वाटर हॉल पर ट्रैप कैमरे भी लगाए जाएंगे। इसके लिए करीब दो सौ वनकर्मी, वन सुरक्षा समितियों के सदस्य और वन्य जीव प्रेमी जुटेंगे।



### वन्य जीव प्रेमियों के लिए रहेंगे आकर्षण के केंद्र

**बीते** दो साल में जिले की बांसवाड़ा और घाटोल रेंज में पैंथर के मूवमेंट ज्यादा देखे गए हैं। इनमें कुछ जगह तो मादा पैंथर के साथ शावक भी हैं। बांसवाड़ा शहर के सटे श्यामपुरा ब्लॉक से तो पैंथर जब-तब रात में सर्किट हाउस से होते हुए आनंदसागर वन क्षेत्र की तरफ जाते दिखलाई देते रहे हैं। इधर, नजदीकी समाईमाता भापोर वन खंड में भंडारिया हनुमान मंदिर के पास, हिंडोलिया माल वन क्षेत्र से झरी गांव में, सिंगपुरा ब्लॉक में देवगगढ़ के पास नाथपुरा से भी पैंथर का मूवमेंट रहा है। ऐसे में शहर के इन करीबी वन खंडों के वाटर हॉल वन्य जीव प्रेमियों के लिए आकर्षण के केंद्र रहेंगे।

### क्षेत्रीय वन अधिकारियों की हो चुकी है ट्रेनिंग

**सहायक** वन संरक्षक बांसवाड़ा गोविंदसिंह खींची का कहना है कि वन्य जीव गणना को लेकर उदयपुर में क्षेत्रीय वन अधिकारी स्तर तक अधिकारियों की ट्रेनिंग हो चुकी है। अब रेंज स्तर पर वाटर हॉल्स पर बैठने वाले वनकर्मियों को गणना संबंधित तकनीकी जानकारियां देने के लिए प्रशिक्षण कार्यर म चल रहे हैं। इस बार कुछ केंद्रों पर कैमरे लगाए जाएंगे।

### ऐन वक्त तक जांचे जाएंगे वाटर हॉल

**वन** विभाग की ओर से इन दिनों निर्धारित जल स्रोतों का सर्वे करवाया जा रहा है। वैसे मुय रूप से बांसवाड़ा रेंज में 13, घाटोल में 15, कुशलगढ़ और बागीदौरा में 14-14 और गढ़ी व डूंगरा रेंज में 8-8 वाटर हॉल हैं। फिर भी यह सर्वे गणना से ठीक पहले इसलिए किया जा रहा है कि कहीं किसी वाटर हॉल में पानी नहीं होने पर उसे भरा जा सके या फिर वाटर हॉल की सूची से हटाकर नए स्थान सामने आने पर जोड़ा जा सके।

### वैशाख पूर्णिमा को होगी गणना

**गौरतलब** है कि पिछले साल बेमौसम बरसात के कारण वन्यजीव गणना नहीं हो पाई। इसके चलते इस बार की गणना को लेकर वन विभाग के साथ वन्यजीव प्रेमी भी उत्साहित हैं। वन्यजीव गणना 23 मई को सुबह 8 बजे से शुरू होकर 24 मई सुबह 8 बजे तक चलेगी। यह दिन वैशाख पूर्णिमा का है, जबकि चंद्रमा की दूधिया रोशनी ज्यादा रहती है। इसलिए चांदनी रात में वाटर हॉल पर पानी पीने के लिए आने वाले वन्यजीव आसानी से नजर में आते हैं और गणना में अधिकतम सटीक आंकड़े सामने आते हैं।

## जागरूक खबरें

### अंधड़ से सोलर पम्प संयंत्रो का बचाव करने के लिए स्ट्रेक्चर को 90 डिग्री में करें सेट

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** जिले में तेज अंधड, तेज हवा को दृष्टिगत रखते हुए किसानों को सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र को सुरक्षित रखने के लिए सौर ऊर्जा पम्प के स्ट्रक्चर की जाँच कर ढीले स्क्रू व बोल्टो को अच्छी तरह कस लेवें एवं सौर ऊर्जा पैनल स्ट्रक्चर को समानांतर कर लेवें। ताकि सोलर पम्प की प्लेटो को तेज हवाओं से बचाया जा सके। जिन कृषको ने सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र का लम्बी अवधि से उपयोग नहीं किया है तो स्ट्रक्चर को 90 डिग्री में सैट करें, ताकि सोलर पैनलों पर हवा का दबाव कम हो और संयंत्र को क्षति से बचाया जा सके।

### लू से सब्जियों व बागवानी फसलों को बचाये किसान

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** तापमान अधिक होने की वजह से सब्जियों में पानी की मांग बढ जाती है, अधिक तापमान से फसलें झुलसने लग जाती है। जिससे उत्पादन में काफी नुकसान होता है। अभी तरबूज, खीरा, ककड़ी, टमाटर, भिण्डी, हरा चारा, आम, अमरूद, प्याज, पालक, धनिया, मिर्च आदि फसलें लगा रखी है तो गर्म हवाओं (लू) से सावधान रहें। इसके लिए फसलों में सुबह जल्दी या शाम के समय सिंचाई करें, संभव हो तो सिंचाई फंव्वारा विधि या ड्रिप विधि से करें। सिंचाई सुबह 10 बजे तक तथा शाम को 5 के बाद करें। फल व सब्जियों की तुडाई रात्रि के समय या सुबह जल्दी करके मंडियों में भेजें।

### राजस्थान कृषि महाविद्यालय केंपस प्लेसमेंट में 14 चयनित

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के संघटक महाविद्यालय राजस्थान कृषि महाविद्यालय एवं मात्स्यीकी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए 9 मई 2024 को केंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। डॉ. लोकेश गुप्ता, अधिष्ठाता, आरसीए ने बताया कि गुजरात कि सर्वग्राम फिनकेयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जो कि ग्रामीण फाइनेंस का कार्य करती है। अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए ब्रांच रिलेशनशिप ऑफिसर पद पर केंपस प्लेसमेंट साक्षात्कार में कुल 35 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिनमें से महाविद्यालय के 14 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। कृषि महाविद्यालय एवं मात्स्यीकी महाविद्यालय के प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ देवेंद्र जैन, डॉ. मनोहर लाल ओझा एवं सहायक प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. सी पी नामा ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### फोटोग्राफी कार्यशाला हेतु आवेदन 18 मई तक

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से चार दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला 21 मई से आयोजित की जाएगी। केंद्र निदेशक फुरकान खान ने बताया कि इसमें शहर के वरिष्ठ छायाकार राकेश शर्मा 'राजदीप' प्रतिभागियों को बेसिक जानकारी से प्रोफेशनल फोटोग्राफी टिप्स साझा करेंगे। इसके अलावा प्रतिभागी रोजाना पोर्ट्रेट, टेबल टॉप, स्टूडियो फोटोग्राफी और केंडिड शॉट्स के प्रेक्टिकल सेशन भी पाएंगे। अंतिम दिन पोस्ट प्रोडक्शन और ऑन स्पॉट फोटो कंपीटीशन अलग आकर्षण रहेंगे। सभी रजिस्टर्ड प्रतिभागियों को केंद्र की ओर से आकर्षक सहभागिता प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। 24 मई तक चलने वाली कार्यशाला रोजाना सुबह 10 से 2 बजे तक दो सत्र में आयोजित होगी। सीमित उपलब्धता वाली इस कार्यशाला के लिए 18 मई शाम 4 बजे तक गणगौर घाट स्थित बागोर की हवेली में केन्द्र द्वारा निर्धारित फॉर्म लेकर आवेदन जमा किए जा सकते हैं।

### पक्षियों के लिए बांधे परिण्डे

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** श्री बजरंग सेवा समिति की पंचवटी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में समीक्षा बैठक का आयोजन करते हुए पक्षियों के लिए पानी के परिण्डे बांधे। विजय वैष्णव, दीपक अग्रवाल ने बताया कि बैठक पंचवटी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में हनुमान जन्मोत्सव कार्यर म की समीक्षा करते हुए आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत कर कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी कार्यकर्ता, सदस्य व समस्त वरिष्ठ नागरिक, माताओं, बहिनों का आभार जताया। वहीं सदस्यों द्वारा आने वाले सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन पर चर्चा की गई। समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए पानी के परिण्डे भी बांधे।

### ग्रीष्मकालीन वॉलीबाल प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन आज

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** नूतन स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में होने वाले वॉलीबाल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ 15 मई को होगा। रतनलाल चावला व मांगीलाल राव ने बताया कि नूतन स्पोर्ट्स में 15 जून तक एक माह का वॉलीबाल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसका उद्घाटन जिला कलेक्टर आलोक रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी की उपस्थिति में किया जायेगा। इस नि:शुल्क शिविर में सभी खिलाडियों का प्रतिदिन का नाश्ता क्लब के वरिष्ठ खिलाडी मनोहर खटीक की तरफ से दिया जायेगा व प्रत्येक रविवार का साप्ताहिक अवकाश रहेगा।

नारायण सेवा संस्थान का गुवाहाटी में पहला लिम्ब शिविर

# मानव सेवा ही श्रेष्ठ धर्म-कटारिया

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**उदयपुर।** दिव्यांगों को शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक एवं बौद्धिक रूप से सशक्त बनाने में समाज और सरकार को मिलकर जिम्मेदारी उठानी चाहिए। यह बात दिव्यांगों के सेवार्थ आयोजित नि:शुल्क केम्प में असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कही। वे नारायण आर्टिफिशियल लिंब मेजरमेंट शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा मैं नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक कैलाश मानव व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल का असम में सेवा करने के लिए अभिनंदन करता हूँ।

मानव जीवन में दूसरों की मदद करना श्रेष्ठ कर्म है। दिव्यांग जनों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें काम कर रही है। नारायण सेवा संस्थान भी इसमें योगदान कर रहा है। नर में नारायण मानकर देश के हर राज्य में पहुँच कर सेवा का जो बीड़ा संस्थान ने उठाया है। वह सराहनीय है। साथ ही उन्होंने नारायण सेवा संस्थान को नॉर्थ ईस्ट में सेवा विस्तार के लिए राजभवन से मदद की घोषणा की। यह शिविर रविवार को आशी अप्सरा हॉल, पलटन बाजार में हुआ। शुरू में महामहिम राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया एवं धर्मपत्नी अनीता कटारिया व मंचासीन अतिथि पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के विनोद लोहिया, दिगम्बर जैन पंचायत के महावीर प्रसाद जैन, बिहार फाउंडेशन के उमेश कुमार,मारवाड़ी हॉस्पिटल के रमेश गोयंका, ब्राह्मण समाज रतन शर्मा, निदेशक वंदना अग्रवाल, श्वेतांबर जैन तेरापंथ के बजरंग सुराणा ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। इस मौके पर 1000 से ज्यादा दिव्यांग और 30 से अधिक स्थानीय संगठन और उनके पदाधिकारी मौजूद थे। संस्थान निदेशक वंदना अग्रवाल ने संस्थान की सेवाएं नि:शुल्क ऑपरेशन आर्टिफिशियल लिम्ब लगाना, 5000 लोगों को रोज भोजन करना, गुरुकुल का संचालन, आर्थिक रूप से असमर्थ 600 मजदूरों के बच्चों के लिए नि:शुल्क नारायण चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल चलाना, स्वरोजगार प्रशिक्षण और सामूहिक विवाह जैसे अनेक प्रकल्पों की जानकारी दी तथा मंचासीन अतिथियों का सम्मान किया।

कृषि विवि जोबनेर का षष्ठम् दीक्षान्त समारोह आज

# 1218 विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री, 7 को गोल्ड मेडल

### विश्वविद्यालय बीज उत्पादन 2025 तक 15000 क्विंटल करने का लक्ष्य-डॉ सिंह

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जोबनेर।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर का षष्ठम् दीक्षांत समारोह के उपलक्ष पर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, साथ ही कुलपति डॉ बलराज सिंह ने बताया कि षष्ठम् दीक्षांत समारोह 15 मई को आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बलराज सिंह लगातार तैयारीयों का जायजा ले रहे हैं।

गौरतलब है कि श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय में छठवें दीक्षांत समारोह के अवसर पर राज्यपाल कलराज मिश्र कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री प्रो बलदेव सिंह ढिल्लों, पूर्व कुलपति पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना रहेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा संविधान की प्रस्तावना एवं मूल वचनों का वाचन किया जाएगा। कुलपति डॉ बलराज सिंह द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति प्रतिवेदन की प्रस्तुति दी जाएगी, डॉ बलराज सिंह ने बीज उत्पादन की उपलब्धियां के बारे में बताते हुए कहा की गत वर्षों में बीज उत्पादन 4000 क्विंटल था जो की इस वर्ष 8500 क्विंटल उत्पादन करने में हम सफल रहे व 2025 तक इसको 15000 क्विंटल करने का प्रयास किया जायेगा। इसके साथ ही डॉ बलराज सिंह ने बताया कि राज्यपाल (कुलाधिपति) कलराज मिश्र द्वारा क्रमशः पंचवर्षीय समेकित पाठ्यक्रम की स्नातक, स्नातकोत्तर व विद्यावचास्पति के 1218 उपाधि धारकों को दीक्षा प्रदान की जाएगी व 7 होनहारों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे जिनमें 4 स्वर्ण पदक की हकदार बेटियां होंगी । जिसमें स्नातक की 1106 व कृषि व्यवसाय में एमबीए में 1और स्नातकोत्तर की 79 व विद्यावचास्पति की 32 डिग्रीयां प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के 7 होनहारों को स्वर्ण पदक जिसमें स्नातक स्तर पर एक, स्नातकोत्तर स्तर पर चार व विद्यावचास्पति स्तर पर दो जिसमें एक चांसलर व एक वाइस चांसलर गोल्ड मेडल सम्मिलित है।

डॉ बलराज सिंह ने बताया कि राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा पद्मश्री प्रो. बलदेव सिंह ढिल्लों, पूर्व कुलपति, पंजाब कृषि विवि, लुधियाना को मानद डिग्री (डॉक्टरेट ऑफ साइंस) प्रदान की जाएगी व विश्वविद्यालय द्वारा मुद्रित विभिन्न साहित्यों का विमोचन भी इस अवसर पर करेंगे व इसके पश्चात राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा नवनिर्मित तीन इकाईयों जिसमें वाहितमल शोधन संयंत्र, अवशिष्ट प्रबंधन समाधान केंद्र व खेल स्टेडियम के पवेलियन का लोकार्पण किया जाएगा।

# 20 जिलों में खुलेंगे नए छात्रावास, सर्वे शुरू

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बांसवाड़ा।** राजस्थान के 20 जिलों में नए छात्रावास खुलेंगे। यह नए छात्रावास प्रधानमंत्री जनजाति उन्नति ग्राम मिशन के अन्तर्गत प्रारंभ किए जाएंगे। इसके लिए प्रदेश के 200 गांवों में सर्वे एवं सत्यापन सोमवार से शुरू हो गया। जनजातीय परिवारों के बच्चों को सहज शिक्षा सुलभ कराए जाने के लिए अंत्योदय मिशन के तहत भारत सरकार द्वारा बीते दिनों में सर्वे करवाया गया था। सर्वे में राज्य के 20 जिलों के कुल 200 गांवों में जनजातीय परिवारों के बच्चों के लिए स्कूली शिक्षा का अभाव पाया गया। इसके चलते भारत सरकार द्वारा जनजातीय बच्चों के लिए छात्रावास खोले जाने की कार्य योजनाओं को मूर्तरुप देने कि तैयारी शुरू कर दी गई है।

### 13-15 मई तक चयनित गांवों का होगा सर्वे

**राजस्थान** स्कूल शिक्षा परिषद् राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी के निर्देशानुसार गठित टीम तीन दिन 13 से 15 मई 2024 तक चयनित गांवों का सर्वे करेगी। प्रत्येक चनयति गांवों मे परियोजना निदेशक द्वारा गठित टीम पहुंचेगी, जो तीन दिन में मौका स्थिति कि सत्यापन रिपोर्ट तैयार करेगी। इसे लेकर विभिन्न जिलों में उपनिदेशक परिषद् कार्यालय, सहायक निदेशक परिषद् कार्यालय, एडीपीसी या पीओ जिला कार्यालय, जेईएन जिला कार्यालय, सबधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को टीम में शामिल किया गया है।

### बांसवाड़ा, उदयपुर, डूंगरपुर जिलों में सर्वे के लिए 2-2 टीम का गठन

**बांसवाड़ा,** उदयपुर, डूंगरपुर जिलों में सर्वे के लिए दो-दो टीम का गठन किया गया है। शेष जिलों में एक-एक टीम का गठन किया गया है। 20 जिलों के 200 गांवो में होने वाले सर्वे में सर्वाधिक बांसवाड़ा जिले के घाटोल, बासवाड़ा, तलवाड़ा, गढी, सज्जनगढ, कुशलगढ, छोटीसरवन ब्लॉक के 57 गांवों एवं डूंगरपुर जिले के चिकली, दोबड़ा, सागवाड़ा, बिछावाडा ब्लॉक के 51 गांवों में सर्वे होगा।

### साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक आज

**जैसलमेर @ जागरूक जनता।** जिले में पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति ,मौममी बीमारियों की आवश्यक रोकथाम एवं सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के सम्बन्ध में मत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करने के लिए साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक जिला कलक्टर प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बुधवार 15 मई को अपरान्ह 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में रखी गई है।

# रेल यात्रियों के लिये वर्षो से कर रहे जल सेवा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** मानव सेवा संस्थान पिछले 12 वर्षो से रेल यात्रियों को गर्मी के मौसम में शीतल जल पिला रहा है। आरम्भ में संस्थान द्वारा पानी के केम्पर बाहर से खरीद कर यात्रियों को पानी वितरित किया जाता था। लेकिन करीब 6 वर्ष पूर्व रेलवे द्वारा स्टेशन पर ही जगह उपलब्ध कराने के बाद संस्थान ने यहां फिल्टर प्लांट व वाटर कूलर स्थापित कर दिया है। जिससे शीतल जल लगातार मिल रहा है। संस्थान अध्यक्ष सुरेश चन्द्र कल ने बताया कि संस्थान द्वारा रेलवे के सहयोग से पेयजल के लिए सभी प्लेटफार्म पर अलग से पाईप लाईन डाल दी गई है, जो शीघ्र शुरु हो जाएगी। इससे जल वितरण में समय कम लगेगा और अधिक यात्री लाभान्वित होंगें। उन्होने बताया कि वर्तमान में बड़ी संख्या में महिलाओं सहित संस्था के 80 से अधिक सदस्य स्टेशन के सभी प्लेट फार्म पर आने वाली ट्रेनों के हजारों यात्रियों को 15 हजार लीटर से अधिक पेयजल वितरित कर रहे हैं। संस्थान अध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही रोडवेज बस स्टेण्ड पर भी जलसेवा शुरु करने की कार्ययोजना बनाई जा रही है। इस कार्य में संस्थान के सदस्य कमल किशोर खटोड़, राकेश गोठवाल, अशोक छीपा, ओम प्रकाश पलोड़, चम्पालाल चौबिसा, मीना छीपा, अनिल खटोड़, मंजू, उर्मिला लड्ढा सहित 80 से अधिक महिला पुरुष सदस्य जुड़े हुए है।

# राउण्ड टेबल संस्था कराएगी कक्षा कक्ष निर्माण

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** राउण्ड टेबल संस्था द्वारा डगला का खेडा विद्यालय में दो कक्षा-कक्ष का निर्माण कराया जाएगा। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि राजकीय विद्यालयों के बुनियादी ढांचे को सहयोग करने वाली संस्था विक्टर राउण्ड टेबल 361 द्वारा विद्यार्थियों को सतत् एवं सुलभ अध्ययन हेतु दो कक्षा कक्ष का निर्माण कराया जायेगा। इसी निमित सोमवार को भूमि पूजन कर नींव का मुर्हूत किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि अनुज ईनाणी, विशिष्ट अतिथि विनित जैन व अध्यक्षता प्रमोद कुमार दशोरा तथा कार्यक्रम संरक्षक रणजीत सिंह भाटी के सानिध्य में भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर सीवीआरटी के उद्देश्य व उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया। भाटी द्वारा विद्यालय की गुणात्मक, संख्यात्मक विद्यालय की भौतिक स्थिति व उसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला व विद्यालय की 5 स्टार रैकिंग तक की प्रगति से सभी को अवगत कराया।

सीडीईओ समग्र शिक्षा प्रमोद कुमार दशोरा द्वारा विद्यालयों में बुनियादी ढांचे की आवश्यकता तथा उसकी पूर्ति व संस्था के सामाजिक सरोकार की प्रशंसा की। इसी संस्था द्वारा पूर्व में बालिका विद्यालय ओछडी एवं दिव्यांग बच्चों के लिए शास्त्री नगर में 2-2 कक्ष का निर्माण कराया जा चुका है। इसी सहयोग के चलते शिक्षा विभाग ने संस्था को राज्य स्तर पर भामाशाह सम्मान से सम्मानित भी किया है। अनुज ईनाणी ने दो कक्षा-कक्ष के निर्माण के साथ संस्था प्रधान की मांग पर शौचालय मरम्मत की स्वीकृति भी प्रदान की। कक्षा कक्ष का निर्माण शीघ्र पूर्ण करा दिया जायेगा जिससे की नवीन सत्र में इसका लाभ विद्यार्थियों को मिल सकेंगा। भूमि पूजन पं अरविंद भट्ट द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में अनिकेत झंवर, शुभम, हिमांशु, ऋषभ सिसोदिया, वैभव मालीवाल, वैभव जैन, रौनक, विशाखा, हेमेन्द्र कुमार, अनिल, लोकेश, उर्मिला पाटीदार, निधि शर्मा, कल्पना, गरीमा, रविना, मंजु राठौड, अनुपमा जोशी, उषा रानी, किरण टेलर, दुर्गा शर्मा, भंवर लाल गुर्जर, मुकेश कोठारी आदि उपस्थित रहें।

# अधिकारी पेयजल गुणवत्ता की नियमित करें जांच




» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्या को लेकर जिला कलक्टर ने सभी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करने के लिए अधिकारियों से कहा कि वे ग्रीष्मकाल के दौरान नियमित रूप से पेयजल गुणवत्ता की जांच करें। उन्होंने समिति कक्ष में आयोजित बैठक मे सार्वजनिक निर्माण विभाग, बिजली विभाग, उद्योग, रीको सहित महत्वपूर्ण विभागों के कार्यो एंव वर्तमान में जिले के शहरी सेक्टर सहित विभिन्न गांव, ढ़ाणियों में टैंकर सप्लाई, हैंडपंप अभियान सहित विभिन्न कार्य योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने विद्यालयों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल समस्या से प्रभावितों की सूची देने के निर्देश दिए। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के चल रहे विभिन्न सड़क कार्यो, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, बजट घोषणा के कार्यों की समीक्षा करते हुए बारिश शुरू होने से पूर्व 15 जून तक कार्यों की प्राथमिकता तय कर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने डीएमएफटी के बकाया कार्यो की समीक्षा करते हुए कहां कि यह कार्य बजट के अभाव में अधूरे ना रहे। उन्होंने अधूरे रहे खेल मैदान के कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कृषि घरेलू के विद्युत कनेक्शन जिनके डिमांड जमा हो जाने के बाद भी कनेक्शन अभी तक नहीं हो पाए, जिसकी समीक्षा कर कनेक्शन के निर्देश भी दिए। उन्होंने बजट घोषणा एवं शेष रहे विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में विद्युत कनेक्शन की समीक्षा भी की। जिला कलक्टर ने कहा कि वे उद्योग एवं रीको की आने वाली समस्याओं का समाधान करें एवं औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण के लिए की जा रही कार्रवाई की समीक्षा भी की।

### मसाला पाउडर मेकिंग प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम सम्पन्न

**जैसलमेर @ जागरूक जनता।** जिले में मंगलवार को एस.बी.आई. ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी) जैसलमेर द्वारा दस दिवसीय बैच 421 अचार पापड़ - मसाला पाउडर मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन व मूल्याकन समारोह आरसेटी जैसलमेर में किया गया। इस अवसर पर अनुदेशक ताजदार मिर्ज़ा के द्वारा बैच का सफलतापूर्वक संचालन किया गया व प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए।

## घर मंगवाये जागरूक जनता हमें कहें.....

सदस्यता फार्म

दिनांक ....................

**जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।**

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ..............................

पता : ..............................

..............................

फोन .............................. पिन कोड

राशि (रुपए) .............................. बैंक का नाम ..............................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ..............................रसीद क्रं. ....................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →


जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

ANCHOR | साईकिल वितरण के निर्देश जारी

# चुनाव आचार संहिता में बिना समारोह छात्राओं को मिलेगी साइकिल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**टोंक।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को मिलने वाली साइकिल वितरण कार्यक्रम पर रोक लगी हुई थी। अब विभाग की ओर से इनके वितरण के लिए आदेश जारी किए गए है।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को मिलने वाली साइकिल वितरण कार्यक्रम पर रोक लगी हुई थी। अब विभाग की ओर से इनके वितरण के लिए आदेश जारी किए गए है। सरकार की ओर से बालिकाओं को दी जानी साइकिलों पर लगी रोक को लेकर पत्रिका ने तैयार साइकिलों पर जमने लगी धूल-मिट्टी, धूप से उड़ेगा रंग नामक शीर्षक से 6 मई के अंक में प्रमुखता से समाचार छापा था। जिसके बाद हरकत में आए कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा बीकानेर राजस्थान ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी को साइकिल वितरण करने के निर्देश जारी किए है। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (शैक्षिक प्रकोष्ठ) चौथमल चौधरी ने बताया कि निदेशालय की ओर से साइकिलों के वितरण के निर्देश मिले है। जहां पर फिटिंग का कार्य पूरा हो गया है वहां पर इनके वितरण की तैयारी की जा रही है।

### दो सत्र की चल रही बकाया

**अतिरिक्त** जिला शिक्षा अधिकारी चौथमल चौधरी ने बताया कि सरकारी स्कूलों में पिछले दो सत्र में राजकीय विद्यालय की कक्षा 9 में नवीन प्रवेश लेने में पढने् वाली 15263 बेटियों को नि:शुल्क साइकिल वितरण किया जाना है। योजना के तहत गत साल शिक्षा-सत्र 2022-23 की 7360 व सत्र 2023-24 की 7966 कुल छात्राओं को साइकिल वितरण करना है। इसी प्रकार गत वर्ष की अधिशेष रही 63 साइकिलें भी इनके साथ ही वितरण की जाएगी।

**ये कहा निर्देश में :** निदेशक की ओर से जारी आदेश में बताया कि तैयार साइकिल चोरी ना हो ओर खुले में रखी होने से धूप में खराब ना हों इसलिए पात्र बालिकाओं को बिना किसी समारोह और बिना किसी राजनेता को शामिल कर साइकिलों का वितरण करवाया जाए।

**राजकीय** विद्यालयों में 17 मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो जाएगा। 4 जून को चुनाव मतगणना के बाद आचार संहिता हटेगी। लेकिन अवकाश में स्कूल बंद रहेंगे। इसलिए अवकाश से पहले विभाग की ओर से साइकिलों का वितरण किया जाएगा।
**मीना लसारिया,** जिला शिक्षा अधिकारी टोंक।

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2024-26

ADMISSIONS OPEN 2024

INNOVATE | CREATE | TRANSFORM

# SANSKARAM UNIVERSITY

Established under Haryana Private Universities Act, 2006 (Haryana Act No. 3 of 2024) and Approved by UGC under section 2(f) of the UGC Act 1956

Innovate | Create | Transform

40 Km FROM IGI AIRPORT, DELHI

UGC Approved

PCI VCI AICTE BCI



ADMISSION OPEN FOR OVER 100+ PROGRAMS

**SCHOOL OF ENGINEERING & TECHNOLOGY**
- B.Tech CSE
- B.Tech CSE (AI & ML)*
- B.Tech ME, IT, EE, ECE, CE
- B.Tech CSE Cyber Security*
- B.Tech CSE Gaming*
- B.Tech CSE Cloud Tech. & Info. Security*
- BCA (Hons. with Research)
- B.Sc (Hons.) CS (Cyber Security)
- B.Sc (Hons.) Computer Science
- B.Sc (Hons.) Data Science
- MCA
- M.Tech CSE, ME, IT, EE, ECE, CE
- M.Sc Computer Science

**SCHOOL OF LAW & LEGAL STUDIES**
- BA in Legal Studies
- BA LLB (Hons.)
- BBA LLB (Hons.)
- LLB (Hons.)
- LLM

**SCHOOL OF HEALTH & ALLIED SCIENCES**
- Bachelor of Pharmacy
- Diploma in Pharmacy
- B.Sc Radiography & Imaging Technology*
- B.Sc Operation Theatre Technology*
- B.Sc Cardiovascular Technology*
- B.Sc (Yoga Therapy) in Association with (S-VYASA)
- BMLT (Bachelor of Medical Lab Technology)
- BPT
- Bachelor of Optometry*

**SCHOOL OF MANAGEMENT & COMMERCE**
- BBA (Hons.)
- B.Com (Hons.)
- M.Com
- MBA Executive
- MBA in Dual Specialization
- MBA in Financial Management
- MBA HR / Marketing

**SCHOOL OF LIBERAL EDUCATION**
- B.A Pass
- B.A (Hons.) Economics
- B.A (Hons.) English
- B.A (Hons.) Geography
- B.A (Hons.) Maths
- B.A (Hons.) Political Science
- B.A (Hons.) Psychology
- M.A in all Subjects

**SCHOOL OF MASS COMMUNICATION**
- B.A Journalism and Mass Communication
- MA Journalism and Mass Communication

**SCHOOL OF AGRICULTURE**
- B.Sc (Agriculture)
- M.Sc (Agriculture)

**SCHOOL OF HOSPITALITY**
- Bachelor of Hotel Management & Catering Technology ( BHMCT)
- B.A (Hons.) in Culinary Arts
- B.A (Hons.) in Hospitality Administration
- B.Sc Hotel Management
- Master of Hotel Management & Catering Technology (MHMCT)

**SCHOOL OF SKILLS & VOCATIONAL COURSES**
- B.Voc in Interior Design
- B.Voc in Fashion Design
- B.Voc in Computer Application
- B.Voc in Healthcare
- B.Sc (Hons.) Yoga
- Diploma in Music
- Diploma in Yoga

**SCHOOL OF BASIC & APPLIED SCIENCE**
- B.Sc (Hons.) Forensic Science
- B.Sc Pass
- B.Sc (Hons.) Physics, Chemistry, Mathematics
- B.Sc (Hons.) Life Science
- B.Sc (Hons.) Botany
- B.Sc (Hons.) Zoology
- B.Sc (Hons.) Biochemistry*
- B.Sc (Hons.) Biomedical Science*
- B.Sc (Hons.) Microbiology*
- M.Sc in all Subjects

**Ph.D** Programmes are offered in all available disciplines.

*Subject to statutory approval

**Leading the way to world's future**

- 54+ Acres Eco Friendly Campus
- Distinguished Faculty
- Air Conditioned Smart Classrooms
- Wi-fi enabled Campus
- State-of-the art Laboratories
- e-library & Information Center
- Auditorium with Latest Features
- Separate AC Hostel For Boys & Girls

**Academic Collaboration with**

Apple | Microsoft | Radisson BLU

Follow us :
/sanskaramuniversity

Scan QR Code For Website

Scan QR Code For Location

**International Collaboration & Foreign Exchange Program**

## Avail upto 100% Scholarship in UG programs via .

- Sanskaram Scholarship Test.
- Percentage secured in Board Exam

- UPSC CIVIL SERVICES
- HCS (HARYANA CIVIL SERVICES)
- JUDICIAL SERVICES EXAMINATION
- SSC CGL
- CHSL, CDS, CAPF
- BANKING EXAMS
- RAILWAY EXAMS
- HSSC, CUET
- POLICE, NAVY, ARMY

WE ARE PROVIDING FREE COACHING CLASSES




Free Competitive Exam Coaching in Campus

CAMPUS ADDRESS : N.H - 71, DELHI-NCR, JHAJJAR (HARYANA)

CALL : +91 70569 99201 | +91 7056999202 | Toll Free No. 18001237200

Transport Facility available from: Delhi, Gurugram (Metro Station), Rohtak, Rewari, Jhajjar, Dadri, Bahadurgarh (Metro Station) Dharuhera, Bhiwadi, Kosli

संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

# अब तिहाड़ जेल को बम से उड़ाने की 'ईमेल धमकी'

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तिहाड़ जेल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी मंगलवार को ईमेल के माध्यम से दी गई है। तिहाड़ प्रशासन ने दिल्ली पुलिस को धमकी दिए जाने की जानकारी दी है। ऐसे में तुरंत पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया। मौके पर पहुंच कर पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम सर्च ऑपरेशन चला रही है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक सर्च ऑपरेशन में पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा। तिहाड़ जेल को मिले धमकी भरे ईमल में लिखा है कि मैंने आपकी बिल्डिंग के अंदर बम रखे हैं। ये सभी बम अगले कुछ घंटों में विस्फोट करेंगे। यह कोई मामूली धमकी नहीं है। आपके पास बम को निष्क्रिय करने के लिए कुछ घंटे हैं, नहीं तो बिल्डिंग (तिहाड़ जेल) के अंदर निर्दोष लोगों का खून आपके हाथों में होगा। साथ ही इस ईमेल में नीचे लिखा है कि इस हत्याकांड के पीछे 'ष्टशह्वह्लह्ल' समूह का हाथ है।




## इस ईमेल आईडी से दी गई बम से उड़ाने की धमकी

इसके पहले दिल्ली के कुछ स्कूलों, अस्पतालों और एयरपोर्ट को धमकी भरा ईमेल भेज गया था। वहीं अब दिल्ली की तिहाड़ जेल में मंगलवार को courtisgod123@beeble.com ईमेल आईडी से बम का धमकी भरा मेल भेजा गया है। इसको भेजने वाले ने कोर्ट ग्रुप नाम दिया है।

## इसी डोमेन से पहले भी मिले धमकी भरे ईमेल

पुलिस धमकी भरे ईमल की जांच में जुट गई है। पुलिस ने कहा कि इसी सर्वर (डोमेन) से दिल्ली के कई अस्पतालों और स्कूलों को पहले भी धमकी भरा ईमेल भेजा गया था। अब तिहाड़ जेल को यही ईमेल भेजा गया है। धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद तिहाड़ जेल में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है। पुलिस चप्पे-चप्पे पर नजर बनाए हुए है। साथ ही डॉग स्कायड की टीम भी तलाशी अभियान चला रही है।

## इन 8 अस्पतालों को मिली थी बम से उड़ाने की धमकी

दो दिन पहले ही यानी रविवार को दिल्ली के 8 अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इनमें बुराड़ी में बना सरकारी अस्पताल, डाबड़ी इलाके का दादा देव हॉस्पिटल, मंगोलपुरी का संजय गांधी हॉस्पिटल, डीडीयू हॉस्पिटल, जीटीबी हॉस्पिटल, बारा हिंदू राव, जनकपुरी सुपर स्पेशलिस्ट और अरुणा आसफ अली हॉस्पिटल शामिल थे। इसके साथ ही दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (IGI) एयरपोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली हुई थी।

आयुर्वेद विवि, संजीवनी चिकित्सालय

# सुगर्भ किट से लाभान्वित महिला का सामान्य प्रसव



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रोफेसर (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन मे विश्वविद्यालय के संघटक संजीवनी आयुर्वेद चिकित्सालय, के स्नातकोत्तर प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा आयुर्वेदीय गर्भिणी परिचर्या का पालन करवाने के बाद मदर्स डे पर सफलतापूर्वक सामान्य प्रसव करवाया गया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ए नीलिमा ने बताया कि गर्भिणी को विश्वविद्यालय की फार्मेसी में निर्मित सुगर्भा किट से मासानुमासिक परिचर्या करवायी गयी। सुगर्भा किट माता एवं गर्भस्थ शिशु के शारीरिक एवं मानसिक वृद्धि और विकास के लिए उपयुक्त महत्त्वपूर्ण आयुर्वेदीय औषधियों से निर्मित हैं। प्रसव करवाने में प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो ए नीलिमा, डॉ रश्मि शर्मा, डॉ आशा के पी, डॉ हेमन्त कुमार, कौमारभृत्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ हरीश सिंघल, डॉ अशोक यादव, आर. एम. ओ. डॉ. शहादत ख़ान, डॉ निवेदिता मिश्रा, डॉ सुमन एवं स्नातकोत्तर अध्येता डॉ सानूर बानो, डॉ संजय मीणा, डॉ जिज्ञासा, डॉ हिमांशु, नर्सिंग स्टाफ कल्पना एवं सरला का सहयोग रहा। संजीवनी चिकित्सालय के अधिकारी गण एवं नर्सिंग स्टाफ का विशेष योगदान रहा। डॉ आशा के पी, एसोसियेट प्रोफेसर ने बताया कि प्रसव के बाद जच्चा बच्चा स्वस्थ हैं।

# हुनरमंद विद्यार्थियों को मिलेगी 75 हजार तक की छात्रवृति

रूमादेवी-सुगणी देवी अक्षरा छात्रवृत्ति के आवेदन आज से शुरू

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बाड़मेर।** सामाजिक कार्यकर्ता रूमा देवी द्वारा पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर व बालोतरा क्षेत्र के जरूरतमंद एवं ग्रामीण इलाके के हुनरमंद विद्यार्थियों को दी जाने वाली सालाना रूमादेवी-सुगणी देवी अक्षरा छात्रवृत्ति के आवेदन 15 मई से प्रारंभ हो रहे हैं। छात्रवृत्ति में छात्राओं को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। रूमादेवी ने बताया कि जो कई हुनरमंद प्रतिभाएं आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण आगे नही बढ़ पाती है। फाउंडेशन ऐसी प्रतिभाओं को छात्रवृत्ति प्रदान करता है। चयनित अभ्यर्थियों को कुल 20 लाख रुपए की राशि का सहयोग किया जाएगा। छात्रवृति योजना के समन्वयक हरि गढवाल ने बताया कि जिले में बालिका शिक्षा को बढावा देने के लिए विशेष प्रावधान के तहत 60 फीसदी सीटें बालिकाओं के लिए सुरक्षित है। साथ ही योजना में मेडिकल व तकनीकी श्रेणी के अलावा आवेदन के लिए प्राप्तांकों के प्रतिशत की कोई बाध्यता नहीं है।

## 3 श्रेणियों में छात्रवृत्ति

योजना में अभ्यर्थियों के खेल व कला के क्षेत्र में हुनर को अथवा विपरीत हालात के बावजूद आगे पढ़ाई जारी रखने वालों को 25-25 हजार का सहयोग किया जाएगा। दसवीं के बाद से कॉलेज तक के विद्यार्थी आर्थिक तंगी के कारण आगे पढ़ाई जारी रखने में परेशानी आ रही हो, खेल के क्षेत्र में स्पोर्ट्स सामग्री सबंधित जरूरत, तथा लोक कला के क्षेत्र में लोक गायन, परपरागत वाणी गायन, हरजस, हस्तशिल्प से जुड़ी जरूरतमंद प्रतिभाएं आवेदन कर सकती हैं। 12 वीं के बाद मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश पाने वाले जरूरतमंद विधार्थी भी अक्षरा छात्रवृति के लिए आवेदन कर सकते है, जिन्हें 75 हजार रुपए मिलेंगे। ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान के सचिव विक्रमसिंह ने बताया कि पढ़ाई छूटने की कगार पर आए तथा विपरीत आर्थिक हालात में अक्षरा छात्रवृति पाने वाले चार विद्यार्थी अपना मुकाम हासिल कर चुके है। अभ्यर्थी https// rumadevifoundation. org पर जाकर गूगल फार्म से आवेदन कर सकते हैं।

# जैन मंदिर में चढ़ाई गई वार्षिक ध्वजा

» जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़। शहर के प्राचीन धींगों का जैन मंदिर की वार्षिक ध्वजा श्री संघ की मौजूदगी में हर्षोल्लास के साथ चढ़ाई गई। जैन श्रेष्ठी धींग परिवार ने यह कलात्मक मंदिर लगभग 400 वर्ष पूर्व बनवाया था। उस समय शहर के सभी धर्मों व जातियों के लोग अपने शुभ कार्यो की शुरुआत इसी मंदिर में पूजा अर्चना कर करते थे। मंत्री कांति लाल सोनया एवं कोषाध्यक्ष सांवर मल बोलिया ने बताया कि प्रातः स्नात्र पूजा एवं ध्वजा चढ़ाने का लाभ श्रेष्ठी वर्य डॉ.ए.एल. जैन एवं कुसुम जैन परिवार ने लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मूर्ति पूजक श्रीसंघ के श्रावक श्राविकाएं सम्मिलित हुईं। अंत में प्रभावना वितरण के साथ ध्वजा रोहण समारोह सम्पन्न हुआ।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग का अलर्ट

# 5 किमी परिधि में घर तो नहीं मिलेगा होस्टल

## ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया कल से

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित राजकीय एवं अनुदानित छात्रावासों में पांच किमी की परिधि में रहने वाले विद्यार्थियों को होस्टल में प्रवेश नहीं मिलेगा। इसके अलावा इन छात्रावासों में पहले से रह रहे विद्यार्थियों को छात्रावास अधीक्षक से नवीनीकरण कराना होगा। छात्रावासों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 16 मई से प्रारंभ होगी। वरीयता सूची में आए छात्र एवं छात्राओं को छात्रावास में प्रवेश के लिए आठ दिन का समय दिया जाएगा। प्रवेश के लिए एक विद्यार्थी आवेदन पत्र में अधिकतम तीन छात्रावासों तथा आवासीय विद्यालयों का चयन ऑनलाइन कर सकेगा। इसके अलावा पूर्व में प्रवेशित उत्तीर्ण विद्यार्थी, जो इस वर्ष भी छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते हैं, उन विद्यार्थियों का छात्रावास अधीक्षक की ओर से नवीनीकरण किया जाएगा।




## छात्रावासों में प्रवेश की पात्रता

विद्यार्थी को राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक होगा। किसी भी राजकीय एवं अनुदानित छात्रावास में किसी भी पिछड़ी जाति के छात्र को, जो छात्रावास एवं विद्यालय के 5 किमी के परिधि के भीतर रहते हों। अर्थात जिसके माता-पिता या संरक्षक 5 किमी की परिधि के भीतर रहते हों। ऐसे विद्यार्थियों को छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आवासीय विद्यालयों एवं विद्यालय स्तरीय छात्रावासों में प्रवेश के लिए कक्षा 6 से 12 में अध्ययनरत छात्र-छात्रा पात्र होंगे। विद्यालय स्तरीय बालिका छात्रावासों में स्वीकृत क्षमता के अनुरूप स्थान रिक्त रहने पर महाविद्यालय स्तरीय छात्राओं को प्राथमिकता दी जाएगी। कोचिंग संस्थाओं में अध्ययनरत छात्राओं को सयक दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने पर एक सत्र के लिए प्रवेश दिया जा सकेगा। प्रथम वरीयता संबंधित वर्ग के बीपीएल परिवार के छात्र-छात्रा को दी जाएगी। गत कक्षा में 40 प्रतिशत अंक अथवा इससे अधिक अंक प्राप्त होने पर ही प्रवेश दिया जाएगा। छात्र-छात्रा के परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपए से अधिक नहीं हो। प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है।

**प्रवेश की सूची इन तिथियों में**

पहली सूची 26 जून
द्वितीय सूची 10 जुलाई
तृतीय सूची 31 जुलाई

# जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आज

» जागरूक जनता @ जैसलमेर। शासन सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज. विभाग महात्मा गांधी नरेगा (अनुभाग-3), शासन सचिवालय जयपुर के निर्देशानुसार जिले में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत लाईन विभागों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं जिला कलक्टर प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को अपरान्ह 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में रखी गई है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद भागीरथ विश्नोई ने बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारीगण को निर्देशित किया है कि वे निधारित समय पर पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित होने का श्रम करावे।

# पक्षियों के लिए परिंडे बांधे


» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** एल विल फिनकेयर के तत्वाधान में अक्षय तृतीया के पावन दिन पर महिमा हेरिटेज विद्याधर नगर पार्क में पक्षियों के लिए परिंडे बांधे।भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री मुकुल सिंह साँचोरा ने बताया कि इस पुण्य कार्य में कंपनी के आशीष शर्मा,नवरतन सिंह,महेन्द्र सिंह गोल्डी,जितेंद्र सिंह व काफी सँख्या में लोगो ने परिंडे बांधकर इनमें रोज सुबह व शाम पानी डालने का प्रण लिया।साथ ही आस पास रोज एक परिंडा अभियान को आगे बढाने के लिए लोगो को जागरूक किया। श्री जगदम्बा मातेश्वरी मन्दिर समिति के सचिव नवरतन सिंह ने इस पुण्य कार्ये को निरंतर आगे बढ़ाए रखने के लिए आस पास में नए परिंडे लगाने के लिए सभी से निवेदन किया।इस भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों को पानी मिल सके और लोग एक दूसरे से जागरूक होकर रोज अपने एक परिवार के सदस्य की तरफ से एक परिंडा कही भी लगाकर इस मुहिम में जुड़ता जाए।



# तनाव से मुक्ति के लिए योग गुरु परिहार ने दिए गुर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पीपाड़ शहर।** पीपाड़ शहर में पतंजलि योग समिति के सानिध्य में चल रहे 25 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योग आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित मोराराजी देसाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ योग द्वारा आयोजित 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अभ्यास प्रोटोकॉल गोकुल बाबू डिग्री कॉलेज पब्लिक मांटेसरी उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर पीपाड़ शहर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में जोधपुर योग समिति के जिला अध्यक्ष योगाचार्य गजेन्द्र सिंह परिहार ने योग शिविर को संबोधित करते हुए कहा की योग मन तथा शरीर को साधने की एक विचित्र कला है। जिसका प्रयोग सनातन धर्म के ऋषि मुनियों द्वारा आज से लाखो वर्ष पूर्व से किया जाता रहा है। इस दौरान परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहकर जीवन यापन करने के गुर सिखाए गए और विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छी सेहत बनाने के लिए मोटिवेट किया गया।

इस अवसर पर पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी समंदर सिंह, करना राम प्रांतीय सोशल मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार माचरा,महिला प्रभारी सुजाता शर्मा,राज्य कार्यालय प्रभारी राम चौधरी, पीपाड़ नगर पतंजलि योग समिति के दुलीचंद सोनी, भोमाराम सोलंकी, जगदीश देवड़ा, मदनलाल बागरा, नरेश सांखला, गीतांजलि टाक, अंजली आर्य, मुकेश कच्छवाहा, योग शिक्षक नरेश टाक, कोमल वैष्णव, राजेंद्र लखारा रवि सेवक संपूर्ण कार्य की व्यवस्था देखरेख में विशेष भागीदारी निभा रहे है शिविर का संचालन प्रसिद्ध उद्घोषक डॉ.राम अकेला ने किया और कहा की यह शिविर अब शाम 6:15 बजे से दो घन्टे और सुबह 05:15 से 7 बजे तक चलेगा जिसमें सभी शहर वासी ज्यादा से ज्यादा आकर लाभ लेवे। कार्यक्रम के समापन पर पतंजलि के योग शिक्षक डॉक्टर भगवान राम परिहार ने हास्य आसान कर सभी को खुश किया।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा, विद्यार्थियों का किया सम्मान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**झालावाड़।** सुनेल जिला झालावाड़ में भगवान परशुराम जन्म उत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा हनुमान बगीची पिडावा रोड सुनेल से 3 बजे रवाना हुई, जो सुनेल के विभिन्न मार्ग मेला मैदान छतरी चौक राममंदिर रंजाचौक शिव मंदिर नवलपुरा मोहल्ला सलोतिया रोड होतें हुए भगवान परशुराम मंदिर सलोतिया रोड पर समापन हुआ। करीब 2 किलोमीटर का सफर तीन घंटे तक चला शोभायात्रा में बैण्ड ढोल बाजा की थाप पर ब्राह्मण समाज के महिला पुराने खूब थीरके खूब नृत्य किया गया।

भगवान परशुराम जय श्री राम के नारों से सुनेल गुंज उठा जगह जगह पर लोगों द्वारा पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया गर्मी को देखते हुए पानी पिलाया गया। आईसक्रीम वितरण किया गया शोभायात्रा में सुनेल के आस पास के सभी गाँवो को निमंत्रण दिया गया था। जिससे पिडावा कोटड़ी बोरदा हेमडा सेमला सिरपोई बोलिया ऊन्हैल कडोदिया दुबलिया रोशनवाडी आखोदिया पेटभर कनवाडी से शोभायात्रा में भाग लिया गया। शोभायात्रा में ब्राह्मण समाज के विभिन्न संघटनों के प्रतिनिधि झालावाड़ से राजस्थान सर्व ब्राह्मण परशुराम सैना, राजस्थान विप्र फाऊडेसन राजस्थान सर्वे ब्राह्मण महासभा संघटनों से पधारे इन सभी का सुनेल तहसील सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा भगवान परशुराम का प्रतीक चिह्न व फूल मालाओ के साथ स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सुनेल तहसील के सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा थाना प्रभारी सुनेल व स्टाफ़ का भगवान परशुराम जी का छाया चित्र व प्रमाण पत्र के साथ स्वागत किया गया सुनेल तहसील के सत्र 2022/23 में कक्षा 10/12 में बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले समाज के प्रतिभाशाली बालक बालिकाओं को भगवान परशुराम जी का प्रतीक चिह्न दुपट्टा एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया तथा सत्र 2023/23 में सरकारी सेवा में चयनित होने वाले कर्मचारियों को भी समाज द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान का खर्चा महेश शर्मा बोलिया द्वारा वहन किया गया। समाज के विभिन्न वक्ताओ व अधिकारियों द्वारा समाज सुधार शिक्षा के प्रति जागरुकता गरीब परिवारों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा के लिए भी प्रकाश डाला गया और आपसी भाईचारा क़ायम रखने की बात रखी गई उसके बाद सह भोज किया गया। मंच संचालन जुगलकिशोर अवस्थी द्वारा किया गया।



**राजभवन में कुलपति समन्वय समिति की बैठक आयोजित:** विश्वविद्यालयों में रोजगारोन्मुखी कौशल विकास समावेशित कार्य₹ म लागू किए जाएंगे

# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सभी विश्वविद्यालयों में पूरी तरह से होगी लागू

### स्थानीय उद्योगों एवं विश्वविद्यालय सहभागिता से रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा

### शोध एवं अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए होंगे प्रयास

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में रोजगारोन्मुखी कौशल विकास समावेशी कार्यक्रम लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थानीय उद्योगों एवं विश्वविद्यालय सहभागिता से रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने विश्वविद्यालयों में शोध एवं अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सभी विश्वविद्यालयों में पूरी तरह से लागू किया जाए।

मिश्र मंगलवार को राजभवन में कुलपति समन्वय समिति की बैठक में संबोधित कर रहे थे। बैठक में गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, मुख्य सचिव सुधांश पंत, चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह, सामाजिक न्याय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री कुलदीप रांका, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री आनंद कुमार, उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों ने भाग लिया।

राज्यपाल ने बैठक में कहा कि विश्वविद्यालयों में बायोमेट्रिक/मोबाइल एप आधारित उपस्थिति की व्यवस्था 30 मई तक सभी विश्वविद्यालयों में तत्परता से लागू की जाएगी। चरणबद्ध रूप से यह व्यवस्था विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और संबद्ध कॉलेजों में भी लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि नवगठित विश्वविद्यालयों में संपत्तियों, दायित्वों, भूमि, पेंशन तथा अन्य मुद्दों के लिए कमेटी का गठन कर कार्य किया जाएगा। इसमें संबंधित जिला कलेक्टर भी सम्मिलित होंगे ताकि नए विश्वविद्यालयों से जुड़े मुद्दों का प्रभावी समाधान समय पर हो सके। उन्होंने कहा कि सामाजिक सहभागिता महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय अब प्रत्येक विश्वविद्यालय पांच–पांच ग्राम गोद लेकर उनके विकास के लिए कार्य करेंगे।

मिश्र ने विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक और अशैक्षणिक रिक्त पदों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने रिक्त पदों को भरे जाने के लिए भी चरणबद्ध प्रभावी कार्यवाही किए जाने पर जोर दिया। बैठक में विश्वविद्यालय अधिनियमों के प्रावधानों के अनुसार कुलसचिव और वित्त नियंत्रक के पदों पर विज्ञापन के माध्यम से आवेदन प्राप्त कर उन्हें भरे जाने, इन पदों पर लगने वाले प्रशासनिक अधिकारियों के आकर्षण के लिए अतिरिक्त भत्ते के प्रावधान, प्रोत्साहन आदि पर भी चर्चा की गई। राज्यपाल ने कहा कि इन पदों पर ऐसे अधिकारी लगाए जाएं जो विश्वविद्यालय के हित में प्रभावी सेवाएं दें।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि राजस्थान के विश्वविद्यालय भारत को एक ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के अंतर्गत विश्व गुरु और विश्व शक्ति बनाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने विश्वविद्यालयी शिक्षा के जरिए युवाओं को देश के विकसित भविष्य के लिए कार्य करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालय शिक्षा के जरिए स्थानीय संसाधनों को वैश्विक उत्पादन के रूप में और देश के उपलब्ध मानव संसाधन को राष्ट्र के विकास में लगाने की दिशा में कार्य करे।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों द्वारा गोद लिए गांवों में श्रमदान, लाइफ स्किल प्रशिक्षण प्रारंभ किए जाने, पाठ्यक्रम अद्यतन करने और रेडक्रॉस के साथ समन्वय कर समाजोपयोगी गतिविधियां का अधिकाधिक क्रियान्वयन किए जाने का भी आह्वान किया। उन्होंने विश्वविद्यालयों में एकीकृत प्रबंध व्यवस्था आवश्यक रूप से लागू किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न स्तर पर इस बारे में आने वाली बाधाओं को तत्काल दूर करने की भी हिदायत दी। उन्होंने कहा कि जिन विश्वविद्यालयों की नेक एक्रीडेशन नहीं हुई हैं, वे इसे प्राप्त करने के लिए जल्द से जल्द कार्यवाही करे।

राज्यपाल ने कुलपतियों से आग्रह किया कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में उच्च शिक्षा में नवाचार अपनाते हुए विद्यार्थियों में मौलिक शोध और अनुसंधान की दृष्टि विकसित करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी यह प्रयास करें कि विश्वविद्यालयों में बहु विषयक और अंतर विषयक अनुसंधान और पठन-पाठन की दिशा में कार्य हो। हर विश्वविद्यालय में इनोवेशन सेंटर, इन्क्यूबेशन सेंटर, नवीन स्टार्टअप के लिए भी निरंतर कार्य हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक घरानों से विचार विमर्श कर कौशल विकास हेतु विश्वविद्यालय विशेष रूप से कार्य करें। बैठक में जिन विश्वविद्यालयों में सौर ऊर्जा उपकरण नहीं लगे हैं, वहां 30 जून तक कार्यवाही किए जाने के भी राज्यपाल ने निर्देश दिए। विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने अपने अपने विश्वविद्यालयों में किए गए नवाचारों, नई शिक्षा नीति को लागू किए जाने संबंधित प्रयासों, गांव गोद लेकर किए जा रहे कार्यों, शैक्षिक गुणवत्ता के लिए किए जा रहे कार्यों के साथ प्रदेश में विश्वविद्यालयों के तेजी से विकास की आवश्यकताओं के बारे में सुझाव दिए। बैठक में राज्य सलाहकार मंडल के सदस्य और पूर्व कुलपति, शिक्षाविद प्रो. ए. के. गहलोत ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नवीन निर्देशों के आलोक में रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम और विद्यार्थियों के कौशल विकास से जुड़े विषयों के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल ने कुलपति समन्वय समिति के अंतर्गत प्रस्तावित विषयों के साथ विश्वविद्यालयों द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। बैठक में राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम जायसवाल सहित अन्य प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया।

---

**राजस्थान में रोडवेज कर्मियों पर बड़ा अपडेट**

## रजिस्टर नहीं एप से होगी अटेंडेंस, जून से लागू होगा नया सिस्टम

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में रोडवेज कर्मियों को लेकर बड़ा अपडेट। प्रदेशभर के रोडवेज डिपो में अब जल्द ही कार्मिकों की उपथिति दर्ज करने के काम में आने वाले रजिस्टर रद्दी हो जाएंगे। क्योंकि अब रजिस्टर में हाजिरी भरने की प्रणाली सभी डिपो में बंद हो जाएगी। कार्मिकों की हाजिरी मोबाइल एप के जरिए भरी जाएगी। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के कार्मिकों की हाजिरी रजिस्टर के स्थान पर मोबाइल एप से दर्ज की जाएगी। रोजवेज मुख्यालय ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। जून के पहले सप्ताह तक हाजिरी भरने की नई प्रणाली शुरू होने की उम्मीद है।

### कार्मिकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

नई व्यवस्था को लेकर डिपो स्तर से जल्द ही दो कार्मिकों को प्रशिक्षण के लिए मुख्यालय भेजा जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये कार्मिक स्थानीय डिपो में कार्यरत अन्य कार्मिकों को इस संबंध में प्रशिक्षित करेंगे।

### 200 मीटर के दायरे तक ही लग सकेगी

मोबाइल एप से भी कार्मिक एक सीमित दायरे में रहकर ही उपस्थिति दर्ज कर सकेंगे। मोबाइल एप से कार्मिक, चालक, परिचालक, मंत्रालयिक कर्मचारी कार्यालय पर या डिपो से 200 मीटर की परिधि में ही मोबाइल एप से उपस्थिति दर्ज करा सकेंगे। इस परिधि के बाहर जाने पर कार्मिक एप से उपस्थिति दर्ज नहीं कर सकेंगे।

### अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम एप से होगी उपस्थिति

कर्मचारियों के काम और उपस्थिति की सटीक जानकारी उपलब्ध हो। इसके लिए अब प्रदेशभर के रोडवेज कार्यालयों में अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम एप से कार्मिकों की हाजिरी लगाई जाएगी। इस एप को आईटी डिपार्टमेंट ऑफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एण्ड कमिनिकेशन ने विकसित किया है।

---

## मोहनलाल सुखाडिया विवि, उदयपुर को कुलाधिपति अवार्ड और ट्रॉफी प्रदान की गई




» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को राजभवन में मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर को सत्र 2021- 22 के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में "कुलाधिपति पुरस्कार", प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी प्रदान की। राज्यपाल मिश्र ने कुलपति समन्वय समिति की बैठक के दौरान विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार विभिन्न मापदंडों पर उत्कृष्ट शैक्षिक, शोध और अनुसंधान गतिविधियों के स्कोर प्रदर्शन के अंतर्गत प्रदान किया गया है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. सुनीता मिश्रा, सुखाड़िया विवि के समस्त शिक्षकगणों और स्टाफ को इसके लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने दूसरे विश्वविद्यालयों को भी इसी तरह शैक्षिक और सह शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजस्थान को उच्च शिक्षा में देश का अग्रणी प्रदेश बनाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

---

## हाई कोर्ट ने दिए आदेश, रेल रोकने के मामले में मंत्री किरोड़ी के खिलाफ कार्रवाई पर रोक

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने वर्ष 2012 में दौसा रेलवे स्टेशन पर बिना अनुमति रेल रोकने के मामले में कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के खिलाफ रेलवे कोर्ट में चल रही कार्रवाई पर रोक लगा दी है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश किरोड़ी लाल मीणा की आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता सुधीर जैन ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता सहित चार लोगों पर 9 अप्रैल, 2012 को दौसा रेलवे स्टेशन पर बिना अनुमति रेल रोकने का आरोप है। इसे लेकर आरपीएफ थाना, दौसा ने मामला दर्ज किया था। प्रकरण में आरोप पत्र पेश होने के बाद रेलवे कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इसी बीच वर्ष 2020 में रेलवे की ओर से कोर्ट में प्रार्थना पत्र पेश कर केस वापस लेने की अनुमति मांगी गई। इस प्रार्थना पत्र को रेलवे कोर्ट ने 6 जनवरी, 2021 को खारिज कर दिया। इसके खिलाफ पेश रिवीजन को भी अदालत ने गत 16 मार्च को खारिज कर दिया था। दोनों आदेशों को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा गया कि कोर्ट ने रेलवे के प्रार्थना पत्र की व्याख्या सही ढंग से नहीं की है। ऐसे में निचली अदालत का आदेश रद्द कर केस वापस लेने की अनुमति दी जाए।

वहीं, रेलवे सुरक्षा बल की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल राजदीपक रस्तोगी ने जवाब पेश करने के लिए समय मांगा। उन्होंने स्वीकार किया की रेलवे इस मुक़दमे को आगे नहीं चलाना चाहती है और इसे व्यापक जनहित में वापस लेना चाहती है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद एकलपीठ ने निचली अदालत में चल रही कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

---

## आईटीआई की प्रवेश प्रक्रिया आज से

**10 जुलाई तक होंगे आवेदन**

**जोधपुर @ जागरूक जनता।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ITI में प्रवेश सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया 15 मई से शुरू होगी। आईटीआई के उपनिदेशक सुधीर व्यास ने बताया कि प्रवेश सत्र 2024-25 के लिए आवेदन केन्द्रीयकृत प्रवेश पोर्टल माध्यम से आमंत्रित किए जाएंगे। आवेदन पत्र 10 जुलाई तक एकीकृत पोर्टल sso.rajasthan.gov.in एवं hte.rajasthan.gov.in अथवा ई-मित्र कियोस्क के माध्यम से भरे जा सकते हैं। छात्राओं एवं महिलाओं से राजकीय आईटीआई में प्रशिक्षण के लिए प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस सम्बन्ध में विस्तृत सूचना के लिए संस्थान से सम्पर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि आईटीआई में प्रवेश के लिए 8वीं और 10वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। न्यूनतम आयु 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। आईटीआई के दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्रता 10वीं और 12वीं कक्षा है।

## हर ग्राम पंचायत में मनरेगा शुरू कराएं

**श्रीकरणपुर @ जागरूक जनता।** विभिन्न ग्राम पंचायतों में बंद पड़े मनरेगा कार्य शुरू करने सहित अन्य कई मांगों को लेकर अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। इस पर एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं होने पर धरने की चेतावनी दी गई। जानकारी अनुसार खेत मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष जीतसिंह धरिंगावाली, माकपा पदाधिकारी केवल सिंह व मुकेश मोहनपुरिया के नेतृत्व में श्रमिकों ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन व सभा की।

---

**शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा गौ संरक्षण की अत्यंत आवश्यकता**

## घट घट के वासी राम-एक यात्रा- राम से राम तक के पोस्टर का विमोचन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** परमपूज्य गुरुदेव स्वामी श्री शंकराचार्य श्री श्री 1008 अविमुक्तेश्वरानंद जी का पंकज ओझा RAS और अलका ओझा के निवास केशव नगर, जयपुर पर आशीर्वचन और शुभागमन हुआ, साथ ही पादुका पूजन भी किया गया।

इस अवसर पर परम पूज्य गुरुदेव ने कहा कि हमें गौ संरक्षण और गौ सवर्धन की अत्यंत आवश्यकता है इसी से पृथ्वी का कल्याण संभव है। गौ माता में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है।अतः राष्ट्र की प्रगति और उन्नति के लिए गौ माता का संरक्षण आवश्यक है,साथ ही उन्होंने अपने कुल गौरव और कुल की शौर्य गाथाओं पर भी अडिग रहने के लिए कहा। साथ ही अपना बहुमूल्य आशीर्वाद सभी को प्रदान दिया।

इस अवसर पर गुरूदेव स्वामी जी द्वारा 09 जून को विद्याश्रम स्कूल जयपुर से प्रारंभ होने वाले कार्यक्रम "घट घट के वासी राम"...'एक ज्ञान यात्रा- राम से प्रभु श्री राम तक' के पोस्टर का भी विमोचन किया।

जिसे पंकज ओझा द्वारा 09 जून को विद्याश्रम स्कूल के सभागार में प्रस्तुत किया जाएगा, जो की एक ज्ञान यात्रा है राम के प्रभु श्री राम बनने तक, जिसमें विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान किया जाना है। एवं कार्यक्रम की सफलता के लिए शंकराचार्य जी द्वारा बहुत शुभकामनाएं दी गयी। गुरुदेव द्वारा यह भी कहा गया कि सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए और देश धर्म की रक्षा के लिए हमें ऐसे ही वैचारिक योद्धा तैयार करने होंगे जो की आसुरी और विधर्मी शक्तियों के कुतर्कोंऔर संकुचित अनादर भाव वाले प्रश्नों का निवारण कर सके।

इस अवसर पर पवन गोयल डायरेक्टर सफारी होटल ग्रुप, जेडी महेश्वरी एन एस एडवरटाइजिंग, गण मान्य प्रशासनिक अधिकारी एडिशनल कमिश्नर अरविंद सारस्वत, एडिशनल कमिश्नर जी एस टी मुकुट बिहारी जांगिड़, डॉक्टर अनुपमा, आईपीएस लक्ष्मण गौर गौ,संवर्धन हेतु काम कर रहे, पिंजरापोल गौशाला के निदेशक अतुल गुप्ता, ठकराल एडवरटाइजिंग, अभय सिंह शेखावत, डॉ आत्माराम जोशी, उधोगपति तेजप्रकाश जोशी, श्री धर्म फाउंडेशन के चेयरमैन गोधा, महासचिव गब्बर कटारा, प्रोफेसर के के शर्मा, जितेंद्र श्रीमाली, सर्वेश्वर शर्मा, उधोगपति प्रमोद शर्मा, पार्थ गौर, एडवोकेट हर्षित शर्मा, डॉ अमित, डॉ अनिल जोशी, राहुल शर्मा वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी, केशवनगर के अध्यक्ष एवं महामंत्री, गणमान्य नागरिक, विभिन्न कर्मचारियों के संघो के नेता,एवं अन्य उपस्थित रहे। सनातन के ध्वज वाहक एवं आध्यात्मिक प्रेरक पंकज ओझा द्वारा अयोध्या के राममंदिर पर लिखित पुस्तक "घट घट के राम" भी शंकराचार्य जी को समर्पित की। जिस पर स्वामी जी द्वारा अत्यंत खुशी प्रकट कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing
★ Digital Marketing
★ Whatsapp Marketing
★ Bulk SMS Marketing
★ Website Development
★ Android Development
★ Software Development
★ Social Media Management

MSGJET Powered by JethiTech.com
SchoolMaster SCHOOL Management System Powered by JethiTech.com

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | AdWords Certified | Analytics Qualified | Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की समीक्षा

# आने वाले मानसून में वृक्षारोपण का जन अभियान बनाएं -मुख्य सचिव



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत द्वारा मंगलवार को सचिवालय में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभागों की समीक्षा बुलाई गई। इस वर्तमान मानसून में वन विभाग विभिन्न राज्य और केंद्र वित्त पोषित योजनाओं के माध्यम से वन और अन्य भूमि जैसे गोचर, पंचायत भूमि आदि पर लगभग 70000 हेक्टेयर वृक्षारोपण पूरा करेगा। इसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी वृक्षारोपण का कार्य चल रहा है। मुख्य सचिव ने राज्य राजमार्गों के किनारे वृक्षारोपण कार्य करने और वृक्षारोपण स्थलों को 5 वर्षों से अधिक समय तक बनाए रखने के लिए नरेगा के साथ अभिसरण योजना तैयार करने का निर्देश दिया।

बैठक में आरएसपीसीबी द्वारा सीटीई और सीटीओ को सुचारू रूप से जारी करने की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा, पीसीसीएफ हॉफ मुनीश गर्ग, पीसीसीएफ प्रशासन अरिजीत बनर्जी, पीसीसीएफ और मुख्य वन्यजीव वार्डन पीके उपाध्याय, विशिष्ट शासन सचिव मोनाली सेन, के साथ वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### वृक्षारोपण कार्य में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी

मुख्य सचिव ने ग्राम वन संरक्षण और निगरानी समितियों के माध्यम से राज्य में महिला सशक्तिकरण के लिए वृक्षारोपण कार्य में महिलाओं की भागीदारी को दो तिहाई करने पर विशेष रूप से जोर दिया। मुख्य सचिव ने पदानुऱ म के साथ सभी कार्यालयों में फाइलों के तेजी से निपटाने के माध्यम से सुशासन की आवश्यकता पर भी जोर दिया। विकास/राजस्थान 2047 और वानिकी क्षेत्र में नए विचारों और नवाचारों को लाने की आवश्यकता पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्य सचिव ने वन्य जीव संरक्षण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में किये गये प्रयासों की सराहना की। बेहतर सुविधाओं और आवास बहाली कार्यों के माध्यम से अधिक आगंतुक संतुष्टि पैदा करने के पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

### स्वैच्छिक ग्राम पुनर्वास कार्य में तेजी लाने के निर्देश

समीक्षा के दौरान विभाग द्वारा वन्यजीव संरक्षण और संरक्षण चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया जिसके लिए मुख्य सचिव ने स्वैच्छिक ग्राम पुनर्वास कार्य को तेज गति से चलाने और नये क्षेत्र में बसने के लिए ग्रामीणों को उचित प्रोत्साहन देने का निर्देश दिया।हाल ही में प्रकृति और समाज पर दिखाई देने वाले जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को देखते हुए पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन निदेशालय को मजबूत करने के निर्देश भी दिए गए।

रोहतक लोस सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद कुमार शर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा

# मोदीजी ने 50 करोड़ को लोगों को उपलब्ध कराये रोजगार के अवसर

### कांग्रेस की नीति और नियत ठीक न होने से जनता ने दिखाया बाहर का रास्ता

### सबसे ज्यादा समय सत्ता में रहने पर भी नहीं ली गरीबों की सुध



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बहादुरगढ़ / जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार, आतंकवाद, नक्सलवाद, तुष्टीकरण और गरीबी की जननी है। इस पार्टी को सबसे ज्यादा समय सत्ता में रहने का मौका मिला मगर गरीबों की सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में भ्रष्टाचार का आलम यह था कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी कहते थे कि दिल्ली से हम 1 रुपया भेजते हैं तो जनता तक 15 पैसे ही पहुंचते हैं। वहीं आतंकवाद के कारण लोग डर के साये में जीते थे। आंतकवादी आये दिन बंम फोड़कर चले जाते थे। देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों के सिर भी काट दिए जाते थे। श्री शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। गरीब कल्याण और देश के विकास के साथ ही दुनिया में भारत का गौरव भी बढ़ा है।

मुख्यमंत्री शर्मा मंगलवार को हरियाणा के बहादुरगढ़ में रोहतक लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद कुमार शर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भ्रष्टाचार और आतंकवाद की एक भी घटना सामने नहीं आई है। मोदीजी जनता को 100 रुपये भेजते हैं तो उनके खाते में 100 रुपये ही पहुंचते हैं, बीच में कट नहीं लगता। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री जी ने अपनी हर दिवाली सीमा पर तैनात सैनिकों के साथ मनाकर उनका हौसला बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस 70 साल से गरीबी हटाओ का नारा दे रही है। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, डॉ. मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी के बाद अब राहुल गांधी भी गरीबी हटाने की बात कर रहे हैं, मगर गरीबों से इनका कोई वास्ता नहीं है। श्री शर्मा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी ने गरीब कल्याण की योजनाएं चलाकर 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है और लगभग 50 करोड़ लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक कांग्रेस का वर्चस्व था, मगर इनकी नीति और नियत ठीक नहीं होने के कारण जनता ने बाहर का रास्ता दिखा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद जब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देखा कि कांग्रेस स्वार्थ और तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है तो उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा देकर जनसंघ का गठन किया और उनके राष्ट्रवाद के सिद्धांत पर चलते हुए आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। मुख्यमंत्री ने रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद कुमार शर्मा को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा के प्रत्याशियों को दिया हुआ एक-एक वोट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को मिलेगा और वे तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनकर भारत को प्रगति की नई बुलंदियों तक पहुंचायेंगे।

# प्रबुद्ध समाजसेवी द्वारा विद्याधर नगर स्कूल में बांधे गए परिंडे



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विद्याधर नगर स्कूल में भीषण गर्मी को देखते हुए पंछियों के लिए समाज सेवकों द्वारा पानी के परिंडे बांधे गए। यह कार्य समाजसेवी रविशंकर शर्मा, विजय कुमार शर्मा, नाथूलाल लालवानी द्वारा किया गया। इस कार्य में प्रधानाचार्य इन्दुबाला पारीक, प्रदीप चौधरी शिक्षक एवं सुभाष चन्द सैनी शारीरिक शिक्षक द्वारा सराहनीय सहयोग दिया और उन्होंने प्रण लिया कि हम नियमित रूप से इनमें पानी की व्यवस्था करेंगे। अंत में इस पुनीत कार्य के लिए सभी को आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया।

# पर्यावरण स्वीकृतियां जारी कराने में फेसिलिलेटर की भूमिका निभायें-पंत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांशु पंत ने कहा है कि जिला स्तरीय समिति से पर्यावरण स्वीकृतियां प्राप्त खानधारकों को राज्य स्तरीय समिति सीया से पर्यावरण स्वीकृतियां जारी कराने में संबंधित विभागों को फेसिलिलेटर की भूमिका निभानी होगी। श्री पंत मंगलवार को सचिवालय में माइंस, पर्यावरण, सीया और सेक के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने खान, पर्यावरण, राज्य स्तरीय एंवायरमेंट इंपेक्ट एसेसमेंट अथॉरिटी, डिया से पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त खान और क्वारी लाइसेंस धारकों से परस्पर सहयोग व समन्वय से तय समय सीमा में पर्यावरण स्वीकृतियां जारी कराने की आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने को कहा है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय समिति से पर्यावरण स्वीकृतियां प्राप्त करीब 24 हजार पांच हेक्टेयर तक की लीज एवं क्वारी लाइसेंस वाली खानों के आवश्यक दस्तावेज परिवेश पोर्टल पर अपलोड़ कर दिये गये हैं। सीया द्वारा करीब 12 हजार आवेदनों की स्क्रूटनिंग का काम भी कर लिया गया है। अब शेष रहे आवेदनों की स्क्रूटनिंग के काम में तेजी लाने के साथ ही स्क्रूटनिंग हो चुके आवेदनों के खान धारकों द्वारा फार्म दो का परिवेश पोर्टल पर अपलोड किया जाना है। स्क्रूटनिंग वाली खानों के खानधारक स्वयं या माइंस विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाते हुये अविलंब फार्म 2 अपलोड़ करें, ताकि राज्य स्तरीय अथॉरिटी द्वारा पर्यावरण स्वीकृतियां जारी हो सके।

### परिंडे बांध नियमित पानी डालने का लिया संकल्प

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** अखिल भारतीय अब्बासी वेल्फेयर एसोसिएशन ने गांधीनगर स्थित भगतसिंह पार्क एवं आस पास के क्षेत्र में परिंडे बांध कर उनमें नियमित पानी डालने का संकल्प लिया। इससे पूर्व एसोसिएशन की बैठक आयोजित हुई जिसमें हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भीषण गर्मी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। इस अवसर पर मोहम्मद इर्शाद, जाकिर हुसैन, ताहीर खाँ, नज़ीर खाँ, अबरार हुसैन, फरमान, मोहम्मद आरिफ, आदील, बिलाल, आजाद, शाहरुख, नारू, आसिफ सहित समाज के युवा उपस्थित थे।

### गंगा सप्तमी पर गंभीरी नदी तट की हुई सफाई

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** गायत्री परिवार द्वारा मंगलवार को शहर की जीवन रेखा कहलाने वाली गंभीरी नदी की सफाई एवं पूजन करके गंगा सप्तमी मनाई गई। गायत्री शक्ति पीठ के प्रबंधक ट्रस्टी रमेश चंद्र पुरोहित ने बताया कि शांतिकुँज के निर्देशानुसार प्रति वर्ष गंगा सप्तमी तिथि को गायत्री परिवार द्वारा किसी नदी, तालाब कुएं, बावड़ी अथवा किसी जलश्रोत की सफाई का अभियान चलाया जाता हैं। इसी क्रम मे गंगा सप्तमी के अवसर पर गायत्री परिवार द्वारा शहर के बीच बहने वाली गंभीरी नदी पर सफाई अभियान चलाया गया। प्रशासन एवं नगरवासियों को यह संदेश दिया गया कि जलस्त्रोतों को स्वच्छ रखकर पीने योग्य शुद्ध जल प्राप्त किया जा सकता हैं। इस अवसर पर अनेक गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# बायोमेडिकल उपकरणों का हो उचित प्रबंधन-गिरी



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने कहा कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण जांच एवं उपचार उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए बायोमेडिकल उपकरणों का उचित प्रबंधन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रदेश में बायोमेडिकल उपकरण मरम्मत और रखरखाव कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। चिकित्सा उपकरणों की मरम्मत एवं नियमित रखरखाव से निदान और उपचार परिणामों को बेहतर बनाने में काफी मदद मिलती है।

नेहा गिरि सोमवार को 'बायोमेडिकल इक्विपमेंट मैनेजमेंट प्रोग्राम बूस्टः एलिवेटिंग हॉस्पिटल सर्विसेज विद् सीमलेस रिपेयर एण्ड मेंटीनेंस एक्सीलेंस' विषय पर आयोजित नेशनल सिम्पोजियम को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि संगोष्ठी में सभी हितधारकों के साथ परामर्श कर बायोमेडिकल उपकरणों के प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज़ तैयार किया जाएगा। हमारा प्रयास है कि बायोमेडिकल उपकरणों के क्षेत्र में रिसर्च एवं प्रबंधन की गुणवत्ता में सुधार हो, उपकरणों का डाउनटाइम कम हो तथा स्वास्थ्य सेवाओं की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि बायोमेडिकल इक्विपमेंट मैनेजमेंट से उपकरणों की परिचालन दक्षता बढ़ने के साथ ही लागत कम करने में भी मदद मिलती है।

### ई-उपकरण से शिकायतों का सफल निस्तारण

**प्रबंध** निदेशक ने बताया कि आरएमएससीएल दवाओं, सर्जिकल एवं सूचर्स तथा जांच उपकरणों की खरीद में अग्रणी रहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रैंकिंग में आरएमएससीएल अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि बीईएमपी कार्यक्रम के तहत पिछले महीने तक कुल 1 लाख 43 हजार 631 उपकरणों को ई-उपकरण सॉफ्टवेयर में मैप किया गया है। इस कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से पंजीकृत ऑनलाइन शिकायतों 1 लाख 44 हजार 465 में से 1 लाख 44 हजार 234 का सफलतापूर्वक समाधान किया गया है।

# खुले नालें में गौवंश के गिरने से आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने लगाया जाम

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** शहर में बूंदी मार्ग पर मंगलवार को खुले नाले में गौवंश के गिरने से आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने जाम लगा दिया। यहां एक नाला लंबे समय से खुला पड़ा हुआ है। जिसमें आए दिन गोवंश गिर रहे हैं, जिससे परेशान होकर नाडोलिया बस्ती के लोगों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। मंगलवार सुबह भी नाले में गोवंश गिर गए थे, जिसे निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। बाद में जेसीबी भी बुलवानी पड़ी। इस संबंध में पुलिस को भी सूचना देने के साथ ही नगर परिषद को भी अवगत कराया है। जानकारी में सामने आया कि शहर में कोटा बायपास मार्ग पर नाडोलिया के यहां एक नाला लंबे समय से खुला पड़ा हुआ है, जिसमें आए दिन गोवंश गिर रहे हैं, जिन्हे क्षेत्र के लोग ही निकालते हैं। कोई मदद के लिए भी आगे नहीं आता है। जहां मंगलवार सुबह लोगों ने देखा कि नाले में गोवंश गिरे हुए थे। जिसको निकालने के काफी प्रयास हुए लेकिन क्षेत्रवासी सफल नहीं हो पाए। आए दिन गोवंश गिरने की समस्या से परेशान होकर इसके समाधान की मांग को लेकर लोगों ने मुख्य मार्ग पर ही जाम लगा दिया। इससे मुख्य सड़क के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। सुबह अपने गंतव्य पर जाने वाले लोगों के साथ ही विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में जेसीबी मंगवा कर गोवंश को बाहर निकला गया। क्षेत्र के लोगों में आक्रोश था कि आए दिन इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। पहले भी नगर परिषद प्रशासन को अवगत कराया जा चुका था लेकिन इन खुले नालें को बंद नहीं किया गया है। कई बार छोटे बच्चों के भी यहां खेलते हुए नाले में गिरने की संभावना बनी रहती है। क्षेत्र के लोगों ने अपनी समस्या से शीघ्र निजात दिलाने की मांग रखी।

### नीमूचाना जन आंदोलन शताब्दी वर्ष समारोह आयोजित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** नीमूचाना धरोहर संरक्षण समिति एवं इतिहास संकलन समिति, जयपुर प्रांत के संयुक्त तत्वाधान में नीमूचाना जन आंदोलन शताब्दी वर्ष समारोह नीमूचाना गांव में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि अंग्रेजो द्वारा 14 मई 1925 को अलवर के नीमूचाना में घोर निन्दनीय हत्याकांड किया गया था। जहां निर्दोष किसानो को बिना कोई सूचना चेतावनी के अंधाधुंध गोलाबारी एवं तोप के गोलो से मौत के घाट उतार दिया गया था। यह अंग्रेजो की घोर क्रूरता थी। अपने उद्बोधन में निम्बाराम ने 111 वर्षीय प्रत्यक्षदर्शी नानूरी देवी का आभार व्यक्त किया। साथ ही नीमूचाना धरोहर संरक्षण समिति बनाने के लिए समिति के सदस्यों का आभार प्रकट किया। मंचासिन अतिथियों में इतिहास संकलन समिति के सह संगठन सचिव राजस्थान क्षेत्र डॉ राकेश शर्मा एवं हत्याकांड की प्रत्यक्षदर्शी 111 वर्षीय नानूरी देवी मौजूद रही।

सभी सरकारी आफिसों में नई व्यवस्था

## अब कर्मचारियों के नाम से लगेगा एक पौधा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बीकानेर।** बीकानेर संभाग के सभी सरकारी कार्यालयों में अब प्रत्येक कार्मिक के नाम से एक-एक पौधा लगेगा। इस पौधे की नियमित देखभाल का जिम्मा उसी कार्मिक का होगा। पौधा गमले में लगेगा व गमले पर उस कर्मचारी के नाम पट्टिका चस्पा होगी। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी की ओर से संभाग में इस नई पहल की शुरुआत की गई है। इसके लिए सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### होगा पर्यावरण संरक्षण, ऑफिस के प्रति लगाव

**संभागीय** आयुक्त के अनुसार, इस पहल से कार्यालय की खूबसूरती बढ़ेगी। अधिकारियों-कर्मचारियों का ऑफिस के प्रति लगाव बढ़ेगा व पर्यावरण संरक्षण भी होगा। नाम पट्टिका होने व अपने हाथ से पौधा लगाने से कर्मचारी में उस पौधे के प्रति विशेष लगाव रहेगा।

### इन विभागों में शुरू

**संभागीय** आयुक्त कार्यालय सहित खनिज विभाग, कॉलोनाइजेशन विभाग और सार्वजनिक निर्माण विभाग में इस पहल की शुरुआत हो चुकी है। सभी सरकारी कार्यालयों में भी यह पहल प्रारंभ हो, इसके लिए संभाग स्तरीय बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश निचले स्तर तक पहुंचाने के लिए कहा गया है।




स्थापना दिवस पर ऋणी ग्राहक संवाद कार्यक्रम संपन्न

# ऋणी सदस्य ही बैंक की प्रगति के वास्तविक आधार स्तंभ-सेठिया

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** अरबन को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के चेयरमैन डॉ आई एम सेठिया ने बैंक के 24 वें स्थापना दिवस पर आयोजित अरबन ऋणी ग्राहक संवाद कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि ऋणी सदस्य ही बैंक की प्रगति के वास्तविक आधार स्तंभ है जो बैंक की लाभप्रद्ता बढ़ाने में योगदान के साथ ही नियमित समय पर ऋण किश्तों का भुगतान कर बैंक की साख वृद्धि में सहयोग करते है।

अरबन बैंक की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ही शहरी क्षेत्र के मध्यम वर्ग के लोगो को आर्थिक मदद कर उनके सपनो को साकार करना है। सेठिया ने विस्तार से ऋण प्रणाली को बताते हुए ऋणी ग्राहकों से अपील करते हुए कहा कि इस बैंक के साथ जुड़ने के बाद अपने व परिवार के सपनो को साकार करने के लिए व्यवसाय वृद्धि में बैंक का अधिकतम सहयोग ले और सहकारिता के भाव से परिवार की भावी पीढ़ी को जोड़ने में अग्रणी भूमिका निभाए ताकि भावी पीढ़ी भी सहकारिता से जुड़ कर गर्व की अनुभूति कर सके। डॉ सेठिया के अनुसार आगामी चार माह में शत प्रतिशत ऋणी सदस्य बंधुओ से संवाद कार्यक्रम शाखा स्तर पर भी आयोजित कर युवाओं को जोड़ने के लिए अरबन युवा संवाद कार्यक्रम के माध्यम से बैंक की प्रगति सुनिश्चित की जाएगी। प्रबंध निदेशक वंदना वजीरानी ने सभी का स्वागत कर बैंक की नवीन योजनाएं की जानकारी देते हुए कहा कि त्वरित ऋण स्वीकृति के साथ बैंक हर समस्या के भी त्वरित समाधान का प्रयास करता है। विमला सेठिया, रणजीत सिंह नाहर, राधेश्याम अमेरिया, कल्याणी दीक्षित, बाबर मल मीणा, हेमंत शर्मा ने भी विचार व्यक्त करते हुए ऋणी सदस्य बंधुओ का बैंक से जुड़कर सहभागिता के लिए आभार व्यक्त कर बैंक को व्यवसाय वृद्धि में सहयोग कर खुद की प्रगति भी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। प्रारंभ में महाप्रबंधक दिनेश खंडेलवाल, प्रबंधक प्रशासन जे पी जोशी, ऋण प्रबंधक राजेश अवस्थी, शाखा प्रबंधक अजय राठौर, मनीष पराशर ने अतिथियों का उपरने से अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उद्यमी बलराज मेनारिया, जोगेंद्र सिंह हाड़ा, रेखा अग्रवाल, छोटू सिंह राजपूत, हरीश गुरनानी, कन्हैया लाल नाराणीवाल, कैलाश सिंह भाटी, कैलाश धोबी, शांति लाल मंडोवरा, बलवंत मेनारिया, नरेंद्र सिंह राजोरा, उमाशंकर दाधीच, अभय नाहर, अशोक सेन, राकेश सखवाया, प्रमोद गोखरू, प्रदीप जयसवाल, अमन दाधीच, धर्म चंद जैन, जयश्री शर्मा, अनुज जैन, कालू लाल सिंघवी, श्याम दास वैष्णव आदि ने महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए बैंक से जुड़ कर प्राप्त हुई व्यवसायिक उपलब्धियों के बारे में बताते हुए बैंक द्वारा बड़े बैंकों के समकक्ष प्रदत्त सेवाओं की सराहना की।

ANCHOR | हनुमंत कथा

# संविधान में अब तक 125 बार संशोधन, हिंदू राष्ट्र के नाम पर एक और सही-धीरेन्द्र शास्त्री

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**सांचौर।** पांच दिवसीय हनुमंत कथा कार्यक्रम को लेकर बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सांचौर पहुंचे। यहां उन्होंने पांच दिवसीय हनुमंत कथा और पांच दिवसीय कार्यक्रम को लेकर प्रेस वार्ता की। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पांच दिवसीय हनुमंत कथा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हनुमंत कथा के दौरान दिव्या दरबार का आयोजन किया जाएगा।

इसमें आम जनमानस की समस्याओं का रास्ता निकला जाएगा। बागेश्वर धाम सरकार ने इस दौरान उनके 'पागल' शब्द के बार-बार प्रयोग को लेकर कहा कि पागल का मतलब मेंटल नहीं है। उन्होंने कहा की किसी काम के पीछे लगन के साथ लग जाना भी एक तरह का पागलपन ही है। इसलिए दुनिया के लिए पागल मेंटल हो सकता है लेकिन भगवान के लिए पागल उनके भक्त होते हैं, जो पूरी लगन के साथ उनकी भक्ति करते हैं।

### हिंदू राष्ट्र बनकर रहेगा भारत

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने प्रेस वार्ता के दौरान हिंदू राष्ट्र को लेकर एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि हिंदू राष्ट्र बनाना उनकी एकमात्र टिप्पणी ही नहीं उनका संकल्प है। हर हालत में हिंदू राष्ट्र बनकर ही रहेगा और बनाना है यह हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि यदि देश और राजस्थान का युवा और राजस्थान के वीर जाग गए तो भारत हर दिलों के अंदर हिंदू राष्ट्र बनेगा। उन्होंने कहां की देश के अंदर 125 से ज्यादा बार संविधान में संशोधन हुआ है और एक बार हिंदू राष्ट्र के लिए संविधान में संशोधन हो जाए तो इसमें कोई बुराई नहीं है।

### 'मीरा कृष्ण के प्रेम में पागल थी मेंटल नहीं'

**मीरा** भी कृष्ण के प्रेम में पागल थी मेंटल नहीं थीं। देश में हो रहे लोकसभा चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है और अलग-अलग चरण में चुनाव हो रहे हैं, तो सिर्फ इतना कहना चाहुंगा की पहले मतदान फिर जलपान। कांग्रेस की ओर से पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के बीजेपी समर्थक होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अपनी-अपनी भावना है। कहने में कोई कुछ भी कह सकता है। हम सिर्फ हनुमान जी की जय जयकार में विश्वास रखते हैं।